दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। शुक्रवार 21 मार्च-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 89 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## शंभू बॉर्डर अब पूरी तरह खाली, किसानों के प्रदर्शन के चलते 13 महीने रहा बंद



**चंडीगढ़।** पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर पिछले 13 माह से धरने पर बैठे किसानों को भगवंत मान सरकार ने सुनियोजित ढंग से हटाकर दोनों मोर्चों पर बुलडोजर चलवा दिया है। सरकार ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रियों के साथ किसानों की सातवें दौर की बातचीत विफल रहने के अवसर को ह्यमोर्चा हटाओ अभियानह्ल के लिए चुना। रात 9:30 बजे दोनों मोर्चे खाली करवा लिए। बुधवार को पंजाब सरकार दे द्वारा बैरिकेडिंग हटाने के बाद आज यानी गुरुवार को किसान एकजुट होने लगे हैं, जिससे बवाल बढ़ने के आसार हैं।

**भाजपा और आप एक ही सिक्के के दो पहलू: बाजवा** – शंभू और खनौरी बॉर्डर से हटाए गए प्रदर्शनकारी किसानों पर पंजाब विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि पंजाब के सीएम भगवंत मान से यही उम्मीद थी। उन्होंने (आप सरकार) किसानों को धोखा क्यों दिया? एक तरफ उन्होंने किसानों को मीटिंग के लिए बुलाया और फिर किसानों को हिरासत में ले लिया। भाजपा और आप एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। हरियाणा सरकार ने बॉर्डर खाली कराना शुरू कर दिया है।

वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा चुनाव जीतें ताकि अरविंद केजरीवाल राज्यसभा सदस्य बन सकें।




# 5 अप्रैल को गाजियाबाद में होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
## 15 दिन तक चलेगा शहर को चमकाने और संवारने का काम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में विधानसभा उपचुनाव होने के बाद किसी सार्वजनिक और बड़े कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 5 अप्रैल को गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे हैं। विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री का गाजियाबाद में आगमन वाला कार्यक्रम फाइनल हो गया है। वह 5 अप्रैल को गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान में कश्यप निषाद संगठन द्वारा आयोजित महाकुंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच से भाषण देंगे और वह कश्यप निषाद समाज के प्रमुख नेताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात भी करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लखनऊ में हरी झंडी होने के बाद गाजियाबाद में भी आने वाले 15 दिनों के भीतर प्रशासनिक स्तर पर घंटाघर रामलीला मैदान के आसपास के इलाके को सुंदर और सुसज्जित बनाने का अभियान नगर निगम शुरू करेगा। तो वहीं हिंडन एयरपोर्ट से लेकर एलिवेटेड रोड और अन्य इलाकों की भी दशा और दिशा सुधारी जाएगी। इसके साथ ही नगर निगम गाजियाबाद द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य भी 31 मार्च तक रख दिया गया है।



### स्वच्छता सर्वेक्षण में मिले हैट्रिक, सजाया जा रहा है शहर

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अप्रैल माह में गाजियाबाद में आ रहे हैं। तो वहीं नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण में तीसरी बार भी हैट्रिक लगाए और अच्छी रैंकिंग हासिल कर प्रदेश में अव्वल बने, इसके लिए नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों फ्लाई ओवर और सार्वजनिक स्थानों पर रंगा पुताई और पेंटिंग का काम शुरू कर दिया गया है। उधर नगर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि कई प्रमुख सड़क मार्ग और डिवाइडर के साथ-साथ स्ट्रीट लाइटें और महापुरुषों के स्थल भी सुंदर बनाने का काम आने वाले दिनों में शुरू किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी विभाग रहेंगे अलर्ट

करंट क्राइम : सूत्रों से जानकारी मिली है कि 5 अप्रैल को गाजियाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। योगी आदित्यनाथ का गाजियाबाद में आगमन होगा, वह शहर के बीचोंबीच घंटाघर रामलीला मैदान में उपस्थित होंगे। इसको लेकर नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण पुलिस के साथ ही पीडब्ल्यूडी से लेकर अन्य विभागों के अधिकारियों ने अभी से अपनी फाइलों को तैयार करने से लेकर जमीनी स्तर पर होने वाले काम करने का प्लान बना लिया हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि नगर निगम बड़े स्तर पर तैयारी करेगा ताकि मुख्यमंत्री का जी भी रास्ते से आगमन हो उसे सजाया और संवारा जा सके।

# पांच अप्रैल को कश्यप-निषाद संगठन गाजियाबाद में करेगा महाकुंभ

### - इस बार नरेंद्र कश्यप के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में 5 अप्रैल को गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान में कश्यप निषाद संगठन विशाल महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इस महाकुंभ में कश्यप समाज के क्षेत्रीय, प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा।

कार्यक्रम में खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पदाधिकारियों को संबोधित करने के लिए गाजियाबाद आएंगे। नरेंद्र कश्यप ने बताया है कि इस कार्यक्रम का मकसद महर्षि कश्यप को याद करना और उनके बताएं सिद्धांतों को जीवन में अपनाने लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम और महर्षि कश्यप के जीवन से जुड़े नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कई अन्य प्रमुख अतिथि भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का काम करेंगे। कश्यप निषाद संगठन की ओर से होने वाले रामलीला मैदान घंटाघर में विशाल महाकुंभ को आयोजित करने का मकसद कश्यप निषाद समाज को एकजुट करने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। नरेंद्र कश्यप ने बताया है कि कार्यक्रम के लिए तैयारी को शुरू कर दिया गया है। वही मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का समय भी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मिल गया है। कार्यक्रम घंटाघर रामलीला मैदान में होगा, जहां विशाल पंडाल के साथ ही हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी।

### कई प्रदेशों के पदाधिकारी होंगे शामिल

करंट क्राइम : घंटाघर रामलीला मैदान में 5 अप्रैल को आयोजित होने वाले कश्यप निषाद संगठन के विशाल महाकुंभ में उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर व मध्य प्रदेश के साथ ही कई अन्य प्रदेश के कश्यप निषाद संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों को मंच पर स्थान देने के साथ ही उनके द्वारा समाज को एकजुट करने का संदेश दिया जाएगा।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद करंट क्राइम। भाजपा महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद का विधिवत प्रभार संभालने के बाद मयंक गोयल का दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर आगमन हुआ। यहां पर टीम के समस्त साथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का पटका पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर मयंक गोयल ने कहा कि वह संगठन में कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देकर पार्टी को और मजबूती देने का कार्य करेंगे।



# धार्मिक यात्रा को लेकर लोनी में हंगामा
## धक्का-मुक्की में फटे विधायक नंदकिशोर गुर्जर के कपड़े

### लोनी विधायक ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

### - एसीपी अंकुर विहार बोले बिना अनुमति के निकाली जा रही थी कलश यात्रा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर गुरुवार को कलश यात्रा में शामिल हुए थे। यह कलश यात्रा राम कथा लोनी के दो नंबर इलाके में होनी थी, जिसमें कथा वाचक अतुल कुमार आए हुए हैं। कथा से पहले कलश यात्रा निकाली जा रही थी। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय नागरिक शामिल थे। यात्रा संगम विहार, राजीव कालोनी समेत अन्य कॉलोनी से होकर निकाली गई। इस दौरान आरोप है कि पुलिस ने यात्रा को रोक दिया। जिसपर विधायक नंदकिशोर गुर्जर से कहा गया कि कलश यात्रा की अनुमति नहीं है, वह आगे नहीं जा सकते हैं। इसपर उनके समर्थकों और पुलिस में कहासुनी हो गई। इसी धक्का -मुक्की और हंगामे के बीच विधायक नंदकिशोर गुर्जर के कपड़े फट गए। इसके बाद विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस और प्रशासन के विशेष अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। तो स्थानीय एसीपी और थाना प्रभारी लोनी बॉर्डर पर भी महिलाओं, यात्रा में शामिल लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। कलश यात्रा के दौरान हंगामा होने के बावजूद भी यह यात्रा पुरी निकली गई। वहीं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस के शीर्ष अधिकारियों और इस मामले में एसीपी और लोनी बॉर्डर थाना प्रभारी को गंभीर चेतावनी दी है। उधर पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि बिना अनुमति के कलश यात्रा निकाली जा रही थी। तो वहीं विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कथा स्थल पर परमिशन वाला पत्र और बयान देकर कहा है कि पुलिस ने बेवजह यात्रा को रोकने का काम किया है।

### सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं कलश यात्रा के हंगामे वाले वीडियो

करंट क्राइम : गुरुवार को भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर और पुलिस के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई। विधायक के कपड़े फट गए। वहीं लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी में नंदकिशोर गुर्जर के नेतृत्व में जो कलश यात्रा निकाली जा रही थी, यात्रा के लिए परमिशन नहीं ली गई थी, ऐसा पुलिस कह रही है। यात्रा को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो हंगामा होने लगा। जिस पर भाजपा विधायक और पुलिस के बीच धक्का मुक्की और हाथापाई शुरू हो गई। इसके बाद विधायक अपने समर्थकों को सड़क पर लेकर बैठ गए। विधायक ने आरोप लगाया है कि पुलिस वालों ने उनका कुर्ता फाड़



दिया। वहीं लोनी बॉर्डर थाना प्रभारी हरेंद्र मलिक ने अभद्रता का आरोप लगाया है। इसी के साथ इलाके के एसीपी अजय कुमार का कहना है की कलश यात्रा बिना अनुमति के निकाली जा रही थी। वहीं थाना प्रभारी लोनी बॉर्डर ने हितेश गुर्जर के मोबाइल पर दो बार और उनके एक समर्थक के मोबाइल पर तीन बार कॉल की लेकिन फोन रिसीव नहीं होने पर बात नहीं हो पाई। लोनी विधायक नंदकिशोर ने ना तो अनुमति ली और ना ही कोई आवेदन किया था, वह जबरन जुलूस निकल रहे थे। वहीं इस पूरे मामले के सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहे हैं।





### राम कथा से पहले सड़क पर हुआ संग्राम



करंट क्राइम : गुरुवार को नाईपुरा से संगम विहार इंदिरा कॉलोनी होते हुए कलश यात्रा निकाली जा रही थी। बताया जा रहा है कि यह कलश यात्रा लगभग ढाई से 3 किलोमीटर के एरिया से गुजरी। जगह-जगह महिलाओं और कई जगह मुस्लिम समाज के लोगों ने भी यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसी बीच पुलिस ने भारी भीड़ होने की वजह से और तेज आवाज में डीजे बजाए जाने का विरोध किया। जिसके बाद विधायक और उनके समर्थक पुलिस के आमने-सामने आ गए। इसी बीच पुलिस और विधायक समर्थकों के बीच धक्का मुक्की हुई और विधायक के कपड़े फट गए। बता दें कि यहां कलश यात्रा से पहले कथा वाचक अतुल कुमार की राम कथा शुक्रवार से शुरू होनी थी, गुरुवार को जिसकी कलश यात्रा निकली और कलश यात्रा के दौरान सड़क पर संग्राम वाला सीन बन गया।

### लोनी विधायक के निशाने पर फिर आए जिले और प्रदेश के अधिकारी



करंट क्राइम : गुरुवार को कलश यात्रा के दौरान जब धक्का मुक्की, मारपीट और कपड़े फट जाने वाला मामला हुआ, तो इस दौरान विधायक जमीन पर भी लेट गए। उनके सिर पर श्रीमद् भागवत गीता रखी हुई थी, वह इसके बावजूद भी नहीं रुके और उन्होंने कलश यात्रा निकाली। इस दौरान यात्रा समाप्त कर जब वह राम कथा के मंच पर अतुल कुमार के साथ पहुंचे। तो उन्होंने माइक लेकर पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों, एसीपी, थाना प्रभारी से लेकर प्रदेश स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने 28 अप्रैल के बाद इस पूरे मामले में आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान कर दिया है। साथ ही फिर एक बार अधिकारियों को खुली चेतावनी भी दे डाली है कि वह चुप नहीं बैठेंगे।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने निभाया बड़े दिल वाला किरदार

# मयंक गोयल को दी बधाई और संजीव शर्मा का जताया आभार



**मुझे उम्मीद है कि सभी कार्यकर्ताओं के साथ मयंक गोयल सकारात्मक भूमिका में साथ रहकर कार्य करेंगे। संजीव शर्मा लगभग पांच साल तक हम सबको साथ लेकर जिस तरह से चले और उन्होंने जितना बढ़िया दायित्व निभाया उनका भी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। - कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुनील शर्मा देश की सबसे बड़ी विधानसभा के ऐसे विधायक हैं जिन्हें देश में सबसे बड़ी जीत हासिल हुई है। वो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक मात्र कैबिनेट मंत्री हैं और सार ये है कि इस समय वो संगठन से लेकर सरकार तक एक बड़ी भूमिका में हैं। बड़े दायित्व हैं, लेकिन कार्यकर्ता का मनोबल कैसे बढ़ाना है, कार्यकताओं को अनुशासन का पाठ कैसे पढ़ाना है। ये सुनील शर्मा बेहतर जानते हैं। इसकी वजह भी ये है कि वो खुद संगठन में रहे हैं। वो सरकार में हैं और जानते हैं कि जब नए संगठन का निर्माण हो रहा हो तो अनुशासन का पहला पाठ कार्यकताओं को पढ़ाना जरूरी है। मौजूदा समय में जो चल रहा है वो सब जानते हैं और महानगर अध्यक्ष पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा थोड़ा लेट पहुंचे, लेकिन अपडेट पहुंचे। उन्होंने माइक संभाला तो एक बड़े दिल का किरदार निभाया और अपने शब्दों के जरिये उन्होंने कार्यकताओं को ये एहसास कराया कि संगठन सर्वोपरि है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जब माइक थामा तो उन्होंने जहां मयंक गोयल को अध्यक्ष पदभार ग्रहण करने की बधाई तो वहीं उन्होंने संजीव शर्मा का आभार जताया। एक सकारात्मक संदेश देते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि सभी कार्यकताओं के साथ मयंक गोयल सकारात्मक भूमिका में साथ रहकर कार्य करेंगे। उन्होंने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपको अब कार्यकताओं का नेतृत्व करना है। इनको साथ लेकर चलना है। आपका लंबा राजनीतिक जीवन है, कार्यशैली है और मुझे विश्वास है कि आप सबको साथ लेकर चलेंगे। आपमें ऐसी क्षमता है, योग्यता है। इसके बाद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने निवर्तमान अध्यक्ष संजीव शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संजीव शर्मा लगभग पांच साल तक हम सबको साथ लेकर जिस तरह से चले और उन्होंने जितना बढ़िया दायित्व निभाया उनका भी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। संजीव शर्मा अध्यक्ष के रूप में सबको साथ लेकर चले। हम सब महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से ये वादा करते हैं कि हम कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ चलेंगे। इस तरह से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने शब्दों के जरिये जहां अपने बड़े दिल का परिचय दिया वहीं उन्होंने संगठन सर्वोपरि का संदेश दिया। एकजुटता का संदेश दिया।

# महाराष्ट्रः नागपुर के कई इलाको में प्रशासन ने कर्फ्यू में दी ढील

## औरंगजेब की कब्र की सिक्योरिटी बढ़ी



**मुंबई।** पिछले दिनों रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म के बाद औरंगजेब पर शुरू हुआ विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। नागपुर में स्थित औरंगजेब के मकबरे को लेकर भी विवाद शुरू हो गया है। पिछले दिनों हुई हिंसा के बाद इलाके में कर्फ्यू लगा हुआ है। अब पुलिस ने अपने बयान में कहा है कि नागपुर शहर के नंदनवन और कपिल नगर पुलिस सीमा में कर्फ्यू हटा लिया गया है।

दो पुलिस थाना क्षेत्र का कर्फ्यू हटाया गया है। नंदनवन और कपिलनागर पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इलाके की संचारबंदी हटाई गई। इसके अलावा अन्य इलाकों में दोपहर 2 से 4 बजे तक कर्फ्यू में छूट दी गई है।

**हिंसा के बाद लगा था कर्फ्यू :** दंगे के बाद नागपुर पुलिस ने शहर के 11 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया था, तीन दिनों के बाद आज कुछ थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू में 2 घंटे की छूट दी गई है। पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार, आज नंदनवन और कपिलनगर में कर्फ्यू पूरी तरह हटा दिया गया है।

लकड़गंज, पाचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, इमामवाड़ा और यशोधरानगर क्षेत्रों में नागरिकों को आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करने और जनजीवन सामान्य करने के लिए स्थिति की समीक्षा के बाद 20 मार्च 2025 से दोपहर 14:00 से 16:00 बजे तक कर्फ्यू में छूट दी जाएगी। हालांकि, शाम 16:01 बजे से कर्फ्यू फिर से प्रभावी रहेगा। कोतवाली, तहसील और गणेशपेठ में कर्फ्यू अगले आदेश तक जारी रहेगा।

इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दंडनीय होंगे।

औरंगजेब की कब्र के आस-पास सिक्योरिटी कड़ी कर दी गई है। कब्र को तीन लेयर से सुरक्षित किया गया है, जिससे कोई भी वहां तक पहुंच न सके।

औरंगजेब की कब्र के चारों तरफ सफेद संगमरमर की जाली लगा दी गई है।

दूसरी लेयर में कब्र के दोनों तरफ से लोहे के तार से फेंसिंग की गई है।

तीसरी लेयर में टिनों से औरंगजेब की कब्र को सुरक्षित किया गया है। इन टिनों की ऊंचाई करीब 15 फीट के है।

## फहीम खान समेत अन्य के खिलाफ राजद्रोह का केस दर्ज

**नागपुर।** नागपुर दंगे के मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान पर राजद्रोह की धाराएं लगाई गई हैं। आरोप है कि फहीम ने लोगों को उकसाकर भीड़ जुटाई थी।



साइबर विभाग के डीसीपी लोहित मतानी ने बताया कि इस मामले में कुल चार एफआईआर साइबर पुलिस ने दर्ज की हैं। उन्होंने कहा कि औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए जो आंदोलन हुआ था। उसके संदर्भ में कुछ भड़काऊ वीडियो वायरल किए गए थे। इनमें पुलिस के खिलाफ हमले की साजिश रचने और भड़काऊ बयान सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए थे।

उन्होंने बताया कि पचास से ज्यादा पोस्ट डिलीट कर दिए गए हैं और बाकी की जांच जारी है। जिस एफआईआर में छह आरोपी नामजद हैं, उसमें फहीम खान भी शामिल है और उसके खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि हमारी एक एफआईआर में राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। इन 6 आरोपियों में से फहीम खान को गिरफ्तार किया गया है। साइबर पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर हिरासत में लेगी।

बता दें कि फहीम खान ने साल 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि फहीम ने भड़काऊ भाषण देकर समुदाय के लोगों को उकसाया था, जिसके बाद नागपुर में हिंसा भड़की थी। एफआईआर में भी उसका नाम दर्ज है। जानकारी के अनुसार, फहीम खान नागपुर के संजय बाग कॉलोनी यशोधरा नगर का रहने वाला है।

### नितिन गडकरी के खिलाफ लड़ चुका है लोकसभा चुनाव

वह 2024 के लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक डेमोक्रेटिक पार्टी के टिकट पर नागपुर सीट से चुनाव लड़ा था, जिसमें उसे करारी हार का सामना करना पड़ा था। चुनावी मैदान में उतरने के बाद से ही वह राजनीतिक रूप से सक्रिय हो गया था और शहर में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा था।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि नागपुर हिंसा की साजिश पहले से ही रची गई थी। फहीम खान ने कुछ कट्टरपंथी लोगों को इकट्ठा कर एक सुनियोजित तरीके से दंगा भड़काने का काम किया।

बता दें कि औरंगजेब की कब्र को लेकर हुए विवाद ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया था। महाराष्ट्र के नागपुर के महाल में सोमवार रात दो गुटों के बीच विवाद के बाद हिंसा भड़क गई थी।

## छत्तीसगढ़ मुठभेड़ में 22 नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ से एक बड़ी खबर आ रही है। बस्तर में दो अलग-अलग जगहों पर पुलिस नक्सलियों में मुठभेड़ जारी है, जिसमें अभी तक बीजापुर में 18 और कांकेर में 4 माओवादियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ अभी जारी है। मुठभेड़ में बीजापुर में 18 माओवादियों के मारे जाने की खबर है। वहीं, कांकेर में 4 नक्सली ढेर हुए है। दोनों जगह मिलाकर 22 नक्सली ढेर हुए थे। बाद में 2 और नक्सली मार गिराने की खबर आई, लेकिन उसकी पुष्टि नहीं हुई है। नक्सल एडीजी विवेकानंद सिन्हा ने जी मीडिया से टेलीफोन पर बातचीत के दौरान पूरे मामले की पुष्टि की है।



### बीजापुर में 18 नक्सली ढेर

जानकारी के मुताबिक, बीजापुर में पुलिस के जवानों को सूचना मिली थी कि कि गंगालूर इलाके के एंड्री के जंगलों में भारी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी है। इस सूचना के बाद पुलिस और सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी को इलाके में भेजा गया। जहां पहले से मौजूद नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को देखते ही गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों की टीम भी नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब देना शुरू कर दी। जवानों ने इस मुठभेड़ के दौरान 20 नक्सलियों को ढेर किया है।

### नक्सल मुठभेड़ मामले में गृह मंत्री विजय शर्मा

बीजापुर-दंतेवाड़ा के गंगलूर में सुबह से मुठभेड़ जारी है। 18 नक्सलियों के शव गंगलूर से बरामद किए हैं। एक जवान नक्सल मुठभेड़ में शहीद हुए हैं। छत्तीसगढ़ की पूरी सरकार शहीद जवान के परिवार के साथ खड़ी है। जवानों की भुजाओं की ताकत पर बड़ा ऑपरेशन सफल हुआ है। बीजापुर नक्सलवाद का एक बड़ा क्षेत्र है। समूचा बस्तर, बीजापुर लाल आतंक से मुक्त होगा। समूचा बस्तर, बीजापुर अब बदल रहा है। नक्सलियों के शव का चिन्हांकन होना बचा है।

### रुक रुक कर फायरिंग जारी

बताया जा रहा है कि कांकेर-नारायणपुर सरहदी क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली तो टीम ने सर्चिंग अभियान शुरू किया। सर्चिंग के दौरान गुरूवार को सुबह कांकेर-नारायणपुर सरहदी क्षेत्र मे डीआरजी/बीएसएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ में खबर लिखे जाने तक 4 माओवादी के शव व आटोमैटिक हथियार बरामद कर लिए गए थे।

## पंजाब पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर किसानों की ओर से बनाए गए बैरिकेड्स को बुलडोजर से तोड़ा

**खनौरी।** पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर करीब 13 महीने से धरने पर बैठे आंदोलनकारी किसानों पर पंजाब पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों बॉर्डर से किसानों को हटा दिया है। किसानों के टेंट को बुलडोजर से तहस-नहस कर दिया गया। करीब 800 किसान हिरासत में ले लिए गए। इनमें किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर भी शामिल हैं।



पुलिस अलर्ट मोड में है और कोशिश कर रही है कि आज से रोड को खुलवाया जा सके। इस इलाके में 2 हजार पुलिसकर्मियों को लगाया गया है और किसी के भी आने-जाने पर पाबंदी है। फिलहाल नेट भी बंद कर दिया गया है। खासतौर पर खनौरी सीमा और आसपास के संगरूर और पटियाला जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं और अनशन पर बैठे किसान नेता डल्लेवाल को जालंधर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल, पंजाब सरकार 19 मार्च को अचानक किसानों पर सख्त होती नजर आई। शंभू-खनौरी बार्डर पर एक साल से ज्यादा समय से चल रहे आंदोलन पर पंजाब पुलिस एक्शन में आ गई और किसानों के अड्डों को बुलडोजर से नेस्तनाबूद कर दिया। ये एक्शन तब हुआ जब केंद्र सरकार, पंजाब सरकार और किसान संगठनों के बीच चंडीगढ़ में सातवें दौर की बातचीत हुई।

इसके तत्काल बाद पंजाब सरकार ने संगठन के प्रमुख किसान नेताओं जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवन सिंह पंधेर, अभिमन्यु कोहाड़, काका सिंह कोटडा और अन्य को हिरासत में ले लिया। मीटिंग में बातचीत के लिए अगला दौर 4 मई को रखने की बात कही गई लेकिन इससे पहले ही पंजाब सरकार एक्टिव मोड में नजर आई और एकाएक किसान नेताओं को हिरासत में लेना शुरू किया और किसानों को अड्डों को खदेड़ दिया गया। 13 महीने से बंद हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर को खोलना शुरू किया गया। अब यहां से आंदोलन कर रहे किसानों को हटाया दिया गया है। पंजाब में बुलडोजर से किसानों के बनाए शेड भी तोड़ दिए गए। पहले किसान नेता सरवण पंधेर और जगजीत डल्लेवाल को पुलिस ने हिरासत में लिया। उसके बाद पंजाब पुलिस ने शंभू और खनौरी बार्डर खाली करा दिया। शंभू और खनौरी बार्डर पर कई घंटे तक पंजाब पुलिस का ऑपरेशन चला।

इसमें 800 से ज्यादा किसानों को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद रात को हरियाणा की तरफ लगी सीमेंट की बैरिकेडिंग को भी हटाने का काम शुरू कर दिया गया।

## दिल्ली में एनकाउंटर के बाद तीन बदमाश गिरफ्तार, दो को लगी गोली




**नई दिल्ली:** दिल्ली में आज तड़के एक बार फिर पुलिस और बदमाशों के बीच एनकाउंटर हुआ। बेगमपुर इलाके में रोहिणी जिला पुलिस का सामना कुछ सेंधमारों से हो गया। दोनों ओर से करीब छह राउंड गोलियां चलीं। एक-एक गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। इन दोनों के अलावा इनका तीसरा साथी भी पकड़ा गया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जबकि खबर लिखे जाने तक तीसरे आरोपी से पूछताछ की जा रही थी।

**दिल्ली पुलिस का एक्शन :** पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने एनकाउंटर के बाद तीन इंटरस्टेट बदमाशों को पकड़ा है। आरोपियों में से दो के पैर में गोली लगी है। इनमें से एक आरोपी ऐसा भी है, जिस पर 100 से ज्यादा केस दर्ज हैं। आरोपियों के पास से दो पिस्टल और एक कार भी बरामद हुई है। जिन्हें जब्त कर लिया गया है।

**एनकाउंटर में पकड़े गए 3 बदमाश :** आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत संबंधित धाराओं में केस भी दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया है कि वह दूसरे राज्यों से कार में दिल्ली आकर सेंधमारी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते थे। पुलिस पता लगा रही है कि आरोपियों ने अब तक ऐसी कितनी वारदात को अंजाम दिया है।

## लखनऊ में फेक डॉक्यूमेंट रैकेट का पर्दाफाश, 3 लोग गिरफ्तार

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स एसटीएफ ने फर्जी सर्टिफिकेट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यूपी एसटीएफ की टीम ने इस गिरोह के तीन आरोपियों को लखनऊ से धर दबोचा है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बहराइच निवासी मोहम्मद अरमान, कुशीनगर निवासी सहीम अंसारी और जौनपुर के मोहम्मद अफजल के रूप में हुई है। एसटीएफ ने इनके पास से एक लाख से ज्यादा की नगदी, मोबाइल, लैपटॉप समेत फर्जी दस्तावेज बरमाद किए हैं। यह गैंग फर्जी वेबसाइट और सॉफ्टवेयर के जरिए केविड वैक्सीन प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु सर्टिफिकेट बनाता था। बात दें बीते दिनों एसटीएफ ने इस गिरोह के मास्टर माइंड समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस तरह अबतक कुल 6 लोग इस गिरोह के गिरफ्तार किए जा चुके हैं।



दरअसल, यूपी एसटीएफ को बीते काफी समय से फर्जी वेबसाइट और साफ्टवेयर के माध्यम से कूटरचित जन्म, मृत्यु और कोविड वैक्सीन प्रमाण-पत्र बनाने की पूरे भारत में सैकड़ों की तादाद में फ्रेंचाइजी देने वाले संगठित गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। यह गिरोह इन फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल फर्जी आधार कार्ड, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में करते थे। एसटीएफ ने बीते बृहस्पतिवार को इस गिरोह के मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया था। इसमें मोहम्मद साहिल, मोहम्मद जुबैर और रियाजुद्दीन नाम के आरोपी शामिल थे। मो. साहिल इस गिरोह का सरगना बताया जा रहा है।

साहिल की निशानदेही पर एसटीएफ ने शनिवार को अन्य तीन आरोपियों को लखनऊ के नहरिया चौराहे से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह गैंग पूरे भारत में लगभग 436 फ्रेंचाइजी बांट चुका था, जो इस फजीर्वाड़े को अंजाम दे रहे थे।

## गर्मी के लिए रहें तैयारः सप्ताह के अंत तक बढ़ने लगेगा दिन का तापमान



**नई दिल्ली।** दिल्ली में होली के बाद से मौसम सुहावना बना हुआ है। गर्मी ने अभी अपने तेवर कड़े नहीं किए हैं। अब इस सप्ताह के अंत से पारा में बढ़ोतरी होनी शुरू होगी और तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से 20 व 21 मार्च को बहुत हल्की बारिश की संभावना है। लेकिन इससे तापमान में कुछ खास असर नहीं पड़ेगा।

दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री दर्ज किया गया था, जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान दस दिनों में लगातार दूसरे दिन 15 डिग्री से नीचे रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री कम 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं दिन भर धूल भरी हवाएं चलीं। बृहस्पतिवार को भी 10-30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान हैं।

अब इस सप्ताह के दौरान दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। 25 मार्च से 27 मार्च के दौरान तापमान के 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। इससे अप्रैल-मई की गर्मी वाला अहसास होगा।

आसमान साफ रहने के कारण गर्मी ज्यादा महसूस होगी। 20-21 मार्च के बाद से दिल्ली-एनसीआर में मौसम शुष्क हो जाएगी। 23 मार्च को अधिकतम तापमान 33-35 डिग्री पहुंचने और 24-25 मार्च को अधिकतम तापमान 35-37 डिग्री रहने की संभावना है। इसके बाद तेजी से तापमान में बढ़ोतरी होगी और तापमान 40 डिग्री तक पहुंच जाएगा।

### गुरुवार का तापमान

अधिकतम तापमान
32.8 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम तापमानः
14.2 डिग्री सेल्सियस
20 मार्च को सूर्यास्तः
शाम 6:32 मिनट
21 मार्च को सूर्योदयः
सुबह 6:24 मिनट

## भारत में लॉन्च हुई मोटापा घटाने और वजन कम करने वाली दवा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी दवा कंपनी एलि लिली ने भारत में अपनी डायबिटीज और वजन घटाने वाली दवा मौनजारो लॉन्च की है। यह दवा भारत के दवा नियामक से मंजूरी मिलने के बाद आई है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मौनजारो के 5 एमजी वाएल की कीमत 4,375 रुपये और 2.5 एमजी वाएल की कीमत 3,500 रुपये होगी। भारत में यह खास कीमत इसलिए रखी गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस आधुनिक इलाज तक पहुंच बना सकें।



लिली की डायबिटीज और वजन घटाने वाली दवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है। भारत में इस दवा का लॉन्च एक बड़ा अवसर है। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है और यहां मोटापे और डायबिटीज के मामले बढ़ रहे हैं। कंपनी का दावा है कि यह दवा मेटाबॉलिक हेल्थ सुधारने और वजन घटाने का नया और कारगर तरीका साबित हो सकता है।

**भारत में डायबिटीज और मोटापा गंभीर समस्या :** लिली इंडिया ने कहा कि भारत में मोटापा और टाइप 2 डायबिटीज एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन रही है। भारत में लगभग 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं और मोटापा डायबिटीज का एक प्रमुख कारण है। इसका मतलब है कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है।

**अमेरिका और यूरोप में खूब हो रहा दवा का इस्तेमाल :** मौनजारो का रासायनिक नाम टिरजेपाटाइड है, फिलहाल वङ और यूरोप में डायबिटीज और वजन घटाने दोनों के लिए इसी नाम से बेची जा रही है। अमेरिका में यह जेपबाउंड के नाम से मोटापे के लिए मिलती है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले सालों में मोटापा कम करने वाली दवाओं का बाजार बहुत बड़ा होने वाला है। उनका अनुमान है कि 2030 तक इन दवाओं की बिक्री 150 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

### कैसे काम करती है यह दवा?

यह दवा सप्ताह में एक बार ली जाती है, जिसका खर्च डॉक्टर द्वारा बताई गई डोज के अनुसार 14,000 से 17,500 प्रति माह तक हो सकता है। यह मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज के लिए पहली ऐसी दवा है जो जीआईपी और जीएलपी-1 हॉर्मोन रिसेप्टर्स को एक्टिवेट करती है। यह दवा एक नया और असरदार इलाज दे सकती है, जिससे मरीजों का मेटाबॉलिक हेल्थ बेहतर हो सकता है। यह शरीर में इंसुलिन का उत्पादन बढ़ाने, ग्लूकागोन लेवल को घटाने, इंसुलिन सेंसिटिविटी सुधारने और भूख को कंट्रोल करने में मदद करती है। यह शरीर में फैट की मात्रा कम करती है और लिपिड यूटिलाइजेशन को रेगुलेट करता है।

### मौनजारो से कितना वजन कम हो सकता है?

न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित क्लिनिकल ट्रायल के अनुसार, जो लोग मौनजारो को डाइट और एक्सरसाइज के साथ ले रहे थे, उन्होंने 72 हफ्तों में औसतन 21.8 किलो (15 एमजी डोज पर) और 15.4 किलो (5 एमजी डोज पर) वजन घटाया।

### जीएलपी-1 दवाओं की बढ़ती मांग

डायबिटीज और मोटापे के इलाज के लिए जीएलपी-1 क्लास की दवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह बाजार अब सैकड़ों अरब डॉलर का हो चुका है।

## बीजेपी नेता फकीर खान ने खुद को गोली मारकर किया सुसाइड

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गुरेज से पूर्व भाजपा विधायक फकीर मोहम्मद खान ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, पूर्व विधायक गुरेज फकीर मोहम्मद खान ने तुलसीबाग श्रीनगर क्वार्टर नंबर 9ए में खुद को गोली मारी है, जिससे उनकी मौत हो गई।



पिछले साल जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में उन्होंने बीजेपी के टिकट से गुरेज से विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। यह सीट आरक्षित है।

### संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र हिमांशु मिश्रा को उसके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

प्रार्थीगण
बागेश कुमार पुत्र श्री बाबूराम व श्रीमती चंद्रकांति पत्नी बागेश कुमार निवासीगण हाल निवासी 242 ए, सत्यम एनक्लेव, साहिबाबाद, जिला गाजियाबाद

### कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद।

पत्रांक 4541/22-1 दिनांक 19 मार्च 2025

**नीलामी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद के अन्तर्गत अपर गंग नहर मील 101 से 106 तक बॉयी पटरी में स्थित आम वृक्षो की फलद की आगामी 3 वर्षों (दिनांक-30.09.2027) तक की अवधि हेतु नीलामी की कार्यवाही दिनांक-25.03.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, निकट ग्रीन फिल्ड पब्लिक स्कूल सैक्टर-23 संजयनगर गाजियाबाद में की जानी निर्धारित है। नीलामी की शर्ते व फलद ब्रिकी के नियम आदि किसी भी कार्य दिवस में उक्त नीलामी दिनांक से पूर्व प्रभागीय कार्यालय, सामाजिक वानिकी प्रभाग गाजियाबाद से कार्यालय समय में प्राप्त किये जा सकते हैं।

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 21 मार्च -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# खेल ली कई अध्यक्षों ने अपनी-अपनी पारी

## विपक्ष से आए इन प्रमुख चेहरों को कब मिलेगी जिम्मेदारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संगठन की बात करें तो भाजपा चुनावों से पहले अपना कुनबा बढ़ाया। तत्कालीन प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील बंसल के कार्यकाल में ये एक्सटेंशन कार्यक्रम शुरू हुआ और कई मजबूत चेहरों को अन्य दलों से भाजपा में लाया गया, लेकिन कहानी अब ये हो रही है कि ले तो आए हो हमें सपनों के गांव में लेकिन यहां तो अपनो वाली लिस्ट में भी नाम नहीं आ रहा है। विपक्ष से कई चेहरे ऐसे आए जो विपक्ष में अपनी एक अलग पहचान रखते थे, लेकिन अब ये आवाज उठने लगी है कि आखिर इन चेहरों को कब जिम्मेदारी मिलेगी, क्या ये चेहरे ऐसे ही साइलेंट पॉलिटिकल जीवन जीते रहेंगे।



### पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी को कब मिलेगा उनके कद के बराबर सम्मान

**(करंट क्राइम)।** अगर विपक्ष से आए नेताओं की बात करें तो यहां कद्दावर नेताओं में पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी का नाम आता है। वो स्वयं विधान परिषद सदस्य रहे हैं। उनकी पत्नी हेमलता चौधरी बागपत जैसी सीट से विधानसभा का चुनाव जीतकर विधायक बनीं। राजनीति का डबल प्रोफाइल है और पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी आज भाजपा में अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि पार्टी ने उन्हें मीरापुर जैसी टफ सीट पर विधानसभा चुनाव लड़वाया। प्रशांत चौधरी को प्रदेश कार्य समिति का सदस्य भी बनाया गया। लेकिन सवाल यही है कि विधायक का प्रोफाइल रखने वाले प्रशांत चौधरी को भाजपा में आखिर सम्मानजनक पद कब मिलेगा।

### वीरेंद्र मुन्ना को कब मिलेगी भाजपा में वरीयता

**(करंट क्राइम)।** वीरेंद्र मुन्ना ब्राह्मण समाज के नेता हैं और राजनीति की पाठशाला उन्होंने एनएसयूआई से ली है। कई बड़े नेताओं के वो करीबी रहे हैं। दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के बेहद करीबी लोगों में वीरेंद्र मुन्ना रहे हैं। वो भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भी रहे हैं। उन्हें भी जनरल वीके सिंह का प्रबल समर्थक बताय जाता है, लेकिन संगठन से लेकर सरकार तक इस चेहरे को कुछ नहीं मिला और लंबे समय से चेहरा अपनी बारी का इंतजार कर रहा है।

### कब चमकेगा श्यामवीर चौधरी का सियासी सितारा

**(करंट क्राइम)।** श्यामवीर चौधरी बसपा से मेयर का चुनाव लड़े थे।उनका चुनाव चिन्ह नीला सितारा था। उसके बार श्यामवीर चौधरी भाजपा में आ गए। भाजपा में आने के बाद श्यामवीर चौधरी तो एक्टिव रहे लेकिन उन्हें वो तवज्जो नहीं मिली जो मिलनी चाहिए थी। उनके समर्थक भी इसी बात की चर्चा करते हैं कि क्या अब जब सरकार दूसरी बार आ गई है तो श्यामवीर चौधरी का सियासी सितारा भाजपा में चमकेगा।

### कब मिलेगा हातम सिंह नागर को भाजपा में बड़ा मुकाम

**(करंट क्राइम)।** हातम सिंह नागर एनएसयूआई से अपनी राजनीति की शुरूआत करने वाले नेताओं में हैं। एक लंबा समय उन्होंने कांग्रेस की राजनीति की है। वर्ष 2014 में जब जनरल वीके सिंह गाजियाबाद में चुनाव लड़ने आए तो हातम सिंह नागर भाजपा में आ गए। वो जनरल वीके सिंह के करीबी नेताओं में माने जाते हैं। उन्हें भाजपा के कई मोर्चों में तो दायित्व मिला, लेकिन प्रमुख संगठन में कोई स्थान नहीं मिला। उन्होंने दादरी से टिकट की दावेदारी भी की थी और फिलहाल वो राजनीतिक रूप से हाशिए पर हैं।

### पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप पर होगी क्या सरकारी कृपा

**(करंट क्राइम)।** सुरेश कश्यप पूर्व एमएलसी हैं और वो जब भाजपा में आए थे तो एमएलसी थे। उम्मीद ये जताई जा रही थी कि उनका कार्यकाल समाप्त होगा और पार्टी उन्हें एमएलसी चुनाव लड़ाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सुरेश कश्यप अपने समाज के बड़े नेता हैं और पूरे उत्तर प्रदेश में समाज को एकजुट करने के लिये यात्राएं करते हैं। एक उम्मीद थी कि सरकार उन्हें कहीं समायोजित करेगी,लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ। सरकार दूसरी बार आ गई और अब यही इंतजार है कि क्या कश्यप समाज के विधायक प्रोफाइल के इस चेहरे को कहीं सम्मानजनक रूप से समायोजित किया जाएगा।

### क्या मुकुल उपाध्याय को मिलेगी कोई जिम्मेदारी

**(करंट क्राइम)।** मुकुल उपाध्याय गाजियाबाद से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। वो बसपा से भाजपा में आए। विधानसभा चुनावों के दौरान वो काफी एक्टिव रहे। बताया जाता है कि उन्होंने टिकट की दावेदारी भी की और फिर उसके बाद वो गाजियाबाद के सियासी परिदृश्य से गायब हैं। मुकुल उपाध्याय चुनावी चेहरा है, एमएलसी रहे हैं और उनको लेकर भी यही चर्चा होती है कि क्या उनके बारे में कुछ विचार होगा।

### रियाजुद्दीन सलमानी पर कब होगा उपकार

**(करंट क्राइम)।** रियाजुद्दीन सलमानी सपा और बसपा की राजनीति का प्रमुख चेहरा रहे हैं। सपा सरकार के कार्यकाल में उन्हें नामित पार्षद बनाया गया था। इसके बाद वो कैला भट्टा क्षेत्र से पार्षद का चुनाव जीते। बसपा में विभिन्न पदों पर रहे। बीते दिनों उन्होंने भाजपा ज्वाइन की है। पार्टी का मुस्लिम चेहरा है। क्या पार्टी उनके नाम पर विचार करेगी।

### क्या खुलेगा केडी त्यागी की सियासी किस्मत

**(करंट क्राइम)।** अगर जनरल वीके सिंह के करीबी चेहरों की बात करें तो इनमें केडी त्यागी का नाम प्रमुख है। मुरादनगर देहात की राजनीति का वो प्रमुख चेहरा हैं। बसपा से वो भाजपा में आए और यहां एक लंबा इंतजार उन्हें करना पड़ा है। उन्होंने कई चुनावों में पूरी मेहनत की है, चुनाव लड़वाएं हैं। त्यागी समाज का ये चेहरा भी अपनी बारी के इंतजार में है।

## क्यों है इस बात को लेकर भाजपा में जबर्दस्त चर्चा

# कई निष्क्रिय चेहरे कर रहे हैं मयंक गोयल की परिक्रमा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में वो कहावत है कि उगते सूरज को हर कोई प्रणाम करता है और राजनीति में परिक्रमा का अपना महत्व होता है। इसमें भी कोई दो राय नहीं है कि परिक्रमा से ही भाग्य खुलता है और परिक्रमा से काम भी बन जाते हैं। हालांकि यह भी सत्य है कि पराक्रम के सामने परिक्रमा नहीं चलती है, लेकिन कई बार परिक्रमा का बोलबाला ज्यादा हो जाता है। बहरहाल इन सबके बीच जो चर्चा भाजपा में चल रही है वो ये है कि कई निष्क्रिय चेहरे अब महानगर अध्यक्ष पद पर मयंक गोयल के पदभार संभालते ही सक्रिय हो गए हैं। ये वो चेहरे हैं जो इन वाले जी से लेकर उन वाले जी तक सभी को नमस्ते प्रणाम करते हैं। भाजपा में ये चर्चा तेजी से चल रही है कि अब निष्क्रिय चेहरों में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के इर्द-गिर्द डेरा डाल लिया है।

इन चेहरों में कई ऐसे चेहरे भी बताए जाते हैं जो पुरानी टीम में निष्क्रिय थे। पुराने चेहरों के साथ काम नहीं करने वाले कई निष्क्रिय चेहरे अचानक से एक्टिव हुए हैं। कार्यशैली ही राजनीति में पहचान होती है।

अब जो निष्क्रिय चेहरे हैं वो परिक्रमा के लिये सक्रिय हैं। भाजपा सूत्र बता रहे हैं कि इनमें से कई ऐसे हैं जो अध्यक्ष मयंक गोयल के इर्द-गिर्द नजर आ रहे हैं। हालांकि जो चेहरे साथ हैं उनमें सभी निष्क्रिय नहीं हैं। क्योंकि सबकी बात ही नहीं हो रही है। कई ऐसे चेहरे भी हैं जो वास्तव में डिजर्व करते हैं।



### क्या मयंक गोयल देंगे सही कार्यकर्ता को तवज्जो

**करंट क्राइम।** राजनीति में परिक्रमा का अपना महत्व होता है और अब सवाल ये है कि क्या मयंक गोयल अध्यक्ष के रूप में कार्यकर्ता के ट्रैक रिकॉर्ड को तवज्जो देंगे, या उनके आगे-पीछे घूमने वालों को ही परिक्रमा का अवॉर्ड मिलेगा। बड़ी बात ये है कि मयंक गोयल स्वयं राजनीति के धुरंधर हैं और वो अगर चाहें भी तो भी सबको समायोजित नहीं कर सकते। संगठन में सीमित पद हैं, चाहें वो उपाध्यक्ष हो, मंत्री हो या चार महामंत्री का ही सवाल हो। इसके अलावा मोर्चा और प्रकोष्ठ के पद अलग है। यहां दबाव अलग-अलग छोर से हैं सबको समायोजित करना एक टेढ़ी खीर है। ऐसे में अगर परिक्रमा कर रहे लोग हाशिए पर रहे तो फिर क्या वो भविष्य में साथ नजर आएंगे। भाजपा की लॉबी में ये चर्चा है कि अगर ये चेहरे सक्रिय होते तो पहली टीम में भी समायोजित होते। इनमें कई चेहरे ऐसे हैं जो कई आयामों को पूरा नहीं कर पाए। ये चेहरे नारे जोर से लगाते हैं, नेता की तारीफ बहुत करते हैं किंतु काम के मामले में पीछे रह जाते हैं। अध्यक्ष होने के नाते मयंक गोयल के सामने कई चुनौतियां रहेंगी। उनकी तीन साल की पारी में विधानसभा चुनाव भी आने हैं, नगर निगम चुनाव भी आने हैं और संगठन के कई बड़े कार्यक्रम होंगे। ऐसे में कप्तान होने के नाते मयंक गोयल को एक मजबूत टीम की जरूरत होगी। वैसे भी मयंक गोयल हर तरीके से मजबूत और समृद्ध हैं। लिहाजा कोई उन्हें अपने प्रभाव में नहीं ले सकता।

# कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा और महानगर अध्यक्ष बने वीर सिंह जाटव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरूवार देर रात कांग्रेस ने व्यापक स्तर पर उत्तर प्रदेश में अपने महानगर और जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी। गाजियाबाद में भी इस परिवर्तन का असर दिखाई दिया। कार्यवाहक के तौर पर महानगर की जिम्मेदारी संभाल रहे विजय चौधरी और जिले की जिम्मेदारी संभाल रहे विनीत त्यागी अपने दायित्व बचाने में कामयाब नहीं रहे। पार्टी ने इन दोनों के स्थान पर परिवर्तन कर दिया है। गाजियाबाद जिले का अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना को बनाया गया है। वहीं महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी पार्टी के पुराने कार्यकर्ता वीर सिंह जाटव को दी गई है। जिले और महानगर में पार्टी ने ब्राह्मण और दलित समीकरण साध कर नया दांव चला है। वैसे भी गाजियाबाद जनपद और महानगर में कांग्रेस की स्थिति कई अध्यक्षों के परिवर्तन के बाद मजबूत नहीं हुई है। देखना अब ये है कि पार्टी के ये दो चेहरे इस महत्वपूर्ण दायित्व के मिलने के बाद क्या परिणाम देती है।






# आईपीएल से पहले हो गई बीच शहर में सटोरिया-11 की बैठक

## तय हुआ नहीं खिलायेंगे कई सटोरियों को अपने साथ और बरतेंगे पूरी सावधानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईपीएल के जहां पूरा देश तैयार है वहीं सटोरिया-11 भी आईपीएल शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पुलिस को खबर हो, ना हो लेकिन सटोरियों को पल-पल की अपडेट है। सूत्र बताते हैं कि नवयुग मार्किट में एक स्थान पर गाजियाबाद के आईपीएल सटोरिया-11 की बैठक हुई। इस बैठक में ये तय हुआ कि उन चेहरों को इस बार साथ नहीं लिया जायेगा, जो बुक तो करा देते हैं लेकिन नुकसान होने पर गेम दूसरे पर उतरवाते हैं।

सूत्र बताते हैं कि बैठक में सहमति बनी कि इस बार ऐसे बुकी को साथ नहीं लिया जायेगा। इतना ही नहीं बैठक में फिर कई सटोरियों को फोन किये गये और उनकी भी सहमति भी फोन पर ली गई। ये गोपनीय बैठक नवयुग मार्किट में एक बैंक के सामने हुई है। सूत्र बताते हैं कि इसके बाद सट्टा-11 ने एकजुटता का नारा भी लगाया। खास बात ये है कि ये बैठक उस स्थान पर हुई है जहां से नवयुग मार्किट की पुलिस चौकी कुछ कदमों की दूरी पर है। हालांकि इस दूरी से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि सट्टे के बड़े खिलाड़ी तो बीच शहर में ही रहते हैं। चाहे वो तन्नू डॉन हो या फिर होली वाली गली का पंकज उर्फ पपलू हो। गौरव जिओ के बिना गाजियाबाद के आईपीएल सट्टे का जिक्र ही अधूरा है। मोनू चौपला का नाम पुलिस की डायरी में तो है लेकिन इस आईपीएल में पुलिस तक उस तक पहुंचती है, या नहीं पहुंचती है ये देखने की बात है। सट्टे के इस खेल में एक लंबी फेहरिस्त है और आईपीएल का सीजन कई के लिए नई कार लायेगा तो कई का घर-बार भी बिक जायेगा। सूत्र बताते हैं कि पुराने शहर के आईपीएल सटोरियों के तार राजनगर एक्सटेंशन से भी जुडे हैं और अब दुबई से लेकर नेपाल तक जुड़े हैं। फिलहाल मामला इस बैठक का चल रहा है जो नवयुग मार्किट में हुई है। इस बार सटोरियों ने आपस में हाथ मिला लिये हैं। एक दूसरे की सहमति फोन पर ले ली है और अब आईपीएल सट्टे का बूम तैयार है। अपनी अगली खबर में हम आपको बतायेंगे कि कौन सा सटोरिया कब-कब पुलिस के हत्थे चढ़ा और कौन-कौन से जुआरी इनमें पहले ही पुलिस द्वारा पकड़े जा चुके हैं।



# नगर निगम ने 35 करोड़ की जमीन कराई खाली भूमाफिया की जमीन पर बनेगा निगम का सरकारी स्कूल

## महापौर, नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, एसीपी वेव सिटी और पुलिस बल रहा मौके पर मौजूद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम के अधिकारी और महापौर लगातार अवैध रूप से नगर निगम की जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कोा अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को महापौर और नगर आयुक्त ने भूमि माफियाओं की रीड की हड्डी तोड़ने के कार्यक्रम के तहत विजयनगर के वार्ड 7 सुदामापुरी डूंडाहेड़ा स्थित नगर निगम की भूमि को खाली करने का काम किया है। नगर निगम द्वारा यह कार्रवाई सुबह 10:00 बजे शुरू की गई थी और जो शाम को 4:00 बजे तक चली है। नगर निगम के 10 बुलडोजर और डंपर को लगाकर भूमि खाली कराई गई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक स्वयं पूरी कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद रहे। वहीं नगर निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बादल यादव नाम के व्यक्ति द्वारा कोर्ट में केस डालकर इस पर स्टेप बताते हुए कब्जा कर प्लाटिंग की जा रही थी। जिस जमीन को नगर निगम ने कब्जा मुक्त करवाने का काम किया है। जिस जमीन को कब्जामुक्त करवाया गया है उसकी कीमत लगभग 35 करोड़ रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में जल्द ही क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

### सुबह 10 बजे से लेकर शाम 04 बजे तक चली बादल यादव द्वारा कब्जा की गई जमीन खाली करने की कार्रवाई





### महापौर ने कहा एक इंच भूमि भी नहीं होने दूंगी कब्जा

**करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल लगातार भूमाफियाओं और नगर निगम की जमीन कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। इससे पहले वह नंदग्राम क्षेत्र में स्थानीय पार्षद छाया त्यागी की शिकायत के बाद एक्शन लिया गया था। तो अब विजयनगर में भू माफिया बादल यादव के खिलाफ नगर निगम के अधिकारियों ने कार्रवाई की है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि जो जमीन कब्जा मुक्त कराई गई है यहां बालिकाओं के 12वीं तक का विद्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों को कागजी कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए गए हैं। महापौर सुनीता दयाल ने एक बार फिर कहा है कि वह नगर निगम गाजियाबाद क्षेत्र की 1 इंच जमीन पर भी किसी भी भू माफिया का कब्जा स्वीकार नहीं करेंगी। साथ ही भूमाफियाओं को भी खुली चेतावनी दी है कि उन्होंने नगर निगम की किसी भी संपत्ति पर कब्जा किया तो वहां बुलडोजर की कार्रवाई होगी।

### नगर निगम के अधिकारी दिनभर संभाले रहे कमान

**करंट क्राइम :** वार्ड-7 के सुदामापुरी में नगर निगम की भूमि को कब्जा मुक्त कराने का काम किया गया है। इसमें नगर निगम के अधिकारी खुद मौके पर मौजूद रहे। जिसमें महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, मुख्य अभियंता एनके चौधरी, एसीपी वेव सिटी उपासना पांडे, सिटी जोनल प्रभारी महेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता मिश्रा, कर्नल दीपक शरण, पार्षद पति थान सिंह सहित निर्माण विभाग ,प्रकाश विभाग के साथ पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।

### महापौर और नगर आयुक्त ने संभाली कार्रवाई की कमान

**करंट क्राइम :** नगर निगम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि विजय नगर के वार्ड 7 सुदामापुरी डूंडाहेड़ा में जो जमीन थी, वह लगभग 5500 वर्ग मीटर यानी सवा एकड़ के आसपास थी। जिसपर नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खाली करवा लिया है। इसकी बाजार कीमत लगभग 35 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल कार्रवाई समाप्त होने तक मौके पर ही मौजूद रहे।

## संपादकीय

# सुनीता विलियम्स ने बनाया नया कीर्तिमान

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की सुरक्षित वापसी वैज्ञानिक उपलब्धि है ही, इससे भावी अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाएं और नई राहें खुलने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में नौ महीने रहने के दौरान सुनीता ने न तो अपना हौसला खोया और न ही अपना समय गंवाया। पूरे आत्मविश्वास के साथ वहां वे कार्य करती रहीं। किसी न किसी दिन उन्हें लौटना है, इस विश्वास के साथ सदैव सकारात्मक रहीं।

एक बार तो उन्होंने कहा भी कि किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। वैसे भी वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्री सभी जोखिमों के लिए तैयार रहते हैं। जाहिर है कि सुनीता भी इसके लिए तैयार थीं। वे अंतरिक्ष में परीक्षण उड़ान पर गई थीं। आठ दिन बाद उन्हें लौटना था। तब यह नहीं पता था कि वापसी के समय स्टारलाइनर में तकनीकी खराबी आ जाएगी।

नौ महीने अंतरिक्ष में रहने का बनाया कीर्तिमान अंतरिक्ष केंद्र में रहने के दौरान न केवल उन्होंने अपना अध्ययन जारी रखा, बल्कि कई अनुसंधान और प्रयोग भी किए। नौ महीने अंतरिक्ष में रहने का कीर्तिमान भी बनाया। इस बीच अंतरिक्ष यात्रियों को लाने के लिए नासा ने पूरी ताकत लगा दी थी। तकनीकी दिक्कतें इतनी थीं कि अभियान अधूरा होता लग रहा था। मगर स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से सुनीता और बुच विल्मोर के साथ निक हेग और अलेक्जेंडर गोरबुनोव को भी फ्लोरिडा के तट पर उतार लिया गया।

यह पहली बार है जब कोई अंतरिक्ष मिशन इतना लंबा खिंचा। जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर से दोनों अंतरिक्ष यात्री गए थे। वहां अटक जाने के बाद सुनीता और विल्मोर अंतरिक्ष केंद्र के पूर्णकालिक सदस्य की तरह हो गए थे। इस दौरान सुनीता ने कई कीर्तिमान अपने नाम किए। अंतक्षि में फंसे रहने पर उन्होंने कभी कोई शिकायत नहीं की। करोड़ों लोग सुनीता की कुशलता के लिए करते रहे प्रार्थना मगर इस दौरान उनसे भावनात्मक रूप से जुड़े रहे करोड़ों लोग उनकी कुशलता के लिए प्रार्थना करते रहे। अब उनके लौट आने के बाद वैज्ञानिक अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों का गहन अध्ययन कर सकेंगे। भविष्य में मंगल और चांद पर जाने और वहां मनुष्यों के रहने की संभावनाएं तलाशी जा सकेंगी। आखिरकार नए अनुभवों से साक्षात्कार का ही नाम विज्ञान है।

# शेयर बाजार में मजबूत रिकवरी

## सेंसेक्स 900 अंक उछला, निफ्टी 23150 के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** बैंकिंग, ऑटो और आईटी शेयरों में बढ़त के कारण भारतीय बेंचमार्क सूचकांक, निफ्टी50 और सेंसेक्स गुरुवार को लगातार चौथे सत्र में बढ़त के साथ खुले। बाजार में यह तेजी तब आई जब अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने टैरिफ संबंधी चिंताओं के बावजूद इस साल के लिए अपने ब्याज दरों में कटौती के अनुमानों को बरकरार रखा है। गुरुवार को दोपहर दो बजकर 16 मिनट पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 905.86 (1.20%) अंकों की बढ़त के साथ 76,336.59 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 278.71 (1.22%) अंक मजबूत होकर 23,186.30 पर पहुंच गया। इससे पहले, सुबह के कारोबार में 19 फरवरी के बाद यह पहली बार निफ्टी ने 23,000 का स्तर पार किया।

### शुरूआती कारोबार में कैसी रही सेंसेक्स-निफ्टी की चाल?

शुरूआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 478.13 अंक बढ़कर 75,927.18 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 149.1 अंक बढ़कर 23,056.70 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, जोमैटो, टेक महिंद्रा, टाइटन और महिंद्रा एंड महिंद्रा सबसे ज्यादा लाभ में रहे। हालांकि, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और टाटा स्टील पिछड़ गए।

### एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख अमेरिकी बाजार में काफी तेजी

रिलायंस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख विकास जैन ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा इस वर्ष दो बार ब्याज दरों में कटौती की घोषणा के बाद वैश्विक बाजारों में मजबूत गति से घरेलू बाजार में तेजी जारी रहने की उम्मीद है। एशियाई बाजारों में सियोल में सकारात्मक कारोबार हुआ जबकि शंघाई और हांगकांग में गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अमेरिकी बाजार काफी तेजी के साथ बंद हुए।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, फेड द्वारा दरों को यथावत रखना तथा 2025 के लिए 1.7 प्रतिशत की कम वृद्धि तथा 2.8 प्रतिशत की उच्च मुद्रास्फीति का अनुमान लगाना अपेक्षित है। भारतीय बाजार में दो रुझान महत्वपूर्ण हैं। पहला, घरेलू उपभोग थीम को समर्थन मिल रहा है। दूसरा, रक्षा/शिपिंग जैसी कमजोर थीम को समर्थन मिल रहा है।

### एफआईआई ने बुधवार को 1096.50 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.54 प्रतिशत बढ़कर 71.16 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को एक दिन की राहत के बाद 1,096.50 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,140.76 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

सैमको म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर धवल घनश्याम धनानी ने कहा, फेड इस वर्ष दो अतिरिक्त ब्याज दरों में कटौती का अनुमान है, जिससे निकट भविष्य में वैश्विक इक्विटी के लिए अनुकूल स्थिति बन सकती है। बुधवार को सेंसेक्स 147.79 अंक या 0.20 प्रतिशत चढ़कर 75,449.05 पर बंद हुआ था। निफ्टी 73.30 अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 22,907.60 पर बंद हुआ था।

# पूर्व इसरो चीफ बोले आर्थिक विकास को गति देने के लिए अंतरिक्ष तकनीक का व्यावसायिक प्रयोग बढ़ाना जरूरी



**नई दिल्ली।** भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव के मुहाने पर है लेकिन आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक प्रयोगों को बढ़ाने की जरूरत है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ ने गुरुवार को यह बात कही।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में बोलते हुए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए आवश्यक बदलाव पर प्रकाश डाला। सोमनाथ ने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय प्रगति की है, फिर भी इसका अभियान मुख्य रूप से सरकारी कार्यक्रमों तक ही सीमित रहा है। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग सामाजिक और सरकारी कार्यक्रमों पर केंद्रित रहा है। अब इसे वाणिज्यिक क्षेत्र में लाना और इसका मुद्रीकरण करना महत्वपूर्ण है उन्होंने बताया कि भारत में अंतरिक्ष अनुप्रयोगों की पहुंच सीमित है और संभावित बाजार का केवल 10 प्रतिशत हासिल किया जा सकता है। सोमनाथ ने कहा, भारत 145 करोड़ लोगों वाला एक विशाल देश है, लेकिन एप्लीकेशन की पहुंच बहुत कम है। हम केवल सीमित डोमेन में ही सेवा दे रहे हैं। उन्होंने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को व्यवहार्य व्यावसायिक अवसरों में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व इसरो प्रमुख ने मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों का उदाहरण दिया, जहां उपग्रह डेटा पारंपरिक तौर-तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

# आरबीआई ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि कार्यकारी निदेशक के रूप में भट्टाचार्य आर्थिक व नीति अनुसंधान विभाग का कार्यभार संभालेंगे। यह नियुक्ति 19 मार्च से प्रभावी होगी। ईडी के रूप में पदोन्नति से पहले, भट्टाचार्य आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग में सलाहकार के रूप में कार्यरत थे।





लगभग तीन दशकों की अवधि में, उन्होंने मौद्रिक नीति विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग और आरबीआई के अंतर्राष्ट्रीय विभाग में मौद्रिक नीति, राजकोषीय नीति, बैंकिंग और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों के क्षेत्रों में काम किया है। उन्होंने 5 वर्षों (2009-14) तक कतर सेंट्रल बैंक, दोहा, कतर में गवर्नर के तकनीकी कार्यालय में आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में भी कार्य किया है। भट्टाचार्य ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उनकी शोध रुचि मुख्य रूप से मौद्रिक सिद्धांत और नीति, वित्तीय बाजार, बाजार सूक्ष्म संरचना और राजकोषीय नीति में है।

ब्याज दरों पर बैंक ऑफ इंग्लैंड की ओर से आया यह निर्णय

बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) ने गुरुवार को ब्रिटेन की ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया। केंद्रीय बैंक ने यह फैसला और अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन द्वारा लागू की जा रही टैरिफ नीतियों पर अनिश्चितता के बावजूद लिया है।

नौ सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति से बैंक की मुख्य ब्याज दर को 4.50% पर बनाए रखने की उम्मीद है, क्योंकि मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है और आने वाले महीनों में और अधिक बढ़ने वाली है, क्योंकि न्यूनतम वेतन में बड़ी वृद्धि और उच्च वेतनकर के परिणामस्वरूप कंपनियों द्वारा कीमतें बढ़ाने की उम्मीद है।

# भारत पर व्यापार युद्ध का खास असर नहीं, 6.5% तेजी से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था





**नई दिल्ली।** टैरिफ वार के कारण दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं के मंदी में फंसने का जोखिम बढ़ गया है। हालांकि, भारत पर इस व्यापार युद्ध का गहरा असर नहीं होगा और भारतीय अर्थव्यवस्था एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। 2026-27 में आर्थिक वृद्धि दर मामूली घटकर 6.3 फीसदी रह सकती है। फिच रेटिंग्स ने ग्लोबल इकनॉमिक आउटलुक (जीईओ) के मार्च संस्करण में कहा, अमेरिका की आक्रामक व्यापार नीतियां एक बड़ा जोखिम बनकर सामने आई हैं। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025-26 की तुलना में 2026-27 में थोड़ी नीचे आ सकती है। हालांकि, बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्मनिर्भरता के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार युद्ध के व्यापक असर से बची रहेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा, पूंजीगत खर्च सहित निजी और सार्वजनिक व्यय में वृद्धि के कारण भारतीय जीडीपी की वृद्धि दर में सुधार हुआ है। यह चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के 5.4 फीसदी से बढ़कर चौथी तिमाही में 6.2 फीसदी पर पहुंच गई है। इस वृद्धि में कृषि क्षेत्र का भी योगदान है। औसत से अधिक मानसूनी बारिश के कारण खरीफ फसल का उत्पादन बढ़ा है।


### मजबूत निर्यात से वृद्धि को समर्थन

ग्लोबल इकनॉमिक आउटलुक के मुताबिक, निर्यात में मजबूत वृद्धि और आयात में गिरावट के संयोजन से इस साल जीडीपी वृद्धि को समर्थन मिला है। शुद्ध निर्यात में वृद्धि से 2025-26 और 2026-27 में भी अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी। कर स्लैब में संशोधन और बढ़ी करमुक्त आय से उपभोक्ताओं की बचत में इजाफा होगा। इससे खर्च और विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### कारोबारी भरोसा शीर्ष पर, बढ़ेगा पूंजीगत खर्च

फिच ने कहा, भारत में कारोबारी भरोसा उच्च स्तर पर बना हुआ है। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि निजी क्षेत्र को दिए जाने वाले बैंक कर्ज में दहाई अंकों की वृद्धि जारी रहेगी रिटिंग एजेंसी ने कहा, केंद्रीय बजट में सार्वजनिक पूंजीगत खर्च के उच्च आवंटन से जीडीपी को समर्थन मिलेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट



- माउंट एवरेस्ट पर इसके बारे में 200 मृत शरीर हैं, जो अब शीर्ष के रास्ते पर मौजूद हैं।
- माउंट एवरेस्ट न केवल पर्वतारोहियों की लाशों से बनी है, लेकिन अनुमानित 50 टन कचरा, यह दुनिया का सबसे गन्दा पर्वत बना रहा है।
- ऐतिहासिक रूप से, हर 100 पर्वतारोहियों के लिए जिन्होंने इसे माउंट एवरेस्ट के शिखर तक अपनी पहुँच बनायीं है, 4 की मृत्यु हो गई है।
- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ते हुए 65,000 अमेरिकी डॉलर का खर्च आता है।
- माउंट एवरेस्ट के शीर्ष पर पानी का उबलते बिंदु 71 डिग्री सेल्सियस है। माउंट एवरेस्ट प्रत्येक वर्ष 4 मिमी बढ़ता है।
- माउंट एवरेस्ट तक मार्ग पर उच्च गति वाला इंटरनेट है।
- नेपाल में 2015 भूकंप के कारण माउंट एवरेस्ट ने एक इंच (2.5 सेमी) सिकुड़ गया है।
- माउंट एवरेस्ट को 'ईव-रेस्ट' कहा जाता है, 'एवर-एस्ट' नहीं, जैसा कि इसका नाम जॉर्ज एवरेस्ट के नाम पर है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

कर्मचारी (अपने बॉस से) - सर, मैं नाइट शिफ्ट नहीं कर पाऊंगा।
बॉस- क्यों?
कर्मचारी- आपकी नौकरी से घर का गुजारा नहीं चलता, रात को रिक्शा भी चलाता हूं।
बॉस (भावुक होकर) - कभी भूख लगे तो मेरे पास आ जाना, मैं भी रात को पावभाजी का ठेला लगाता हूं।

पापा- तेरा रिजल्ट आ गया, पास हुआ या फेल?
चिंटू- प्रिंसिपल का बेटा फेल हो गया।
पापा- तुम?
चिंटू- मेजर साहब का बेटा भी फेल हो गया।
पापा- और तुम?
चिंटू- डॉक्टर साहब का बेटा भी फेल हो गया।
पापा गुस्से से- बेवकूफ, मैं तुमसे पूछ रहा हूं तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ?
चिंटू -तो आप कौन से प्रधानमंत्री हो जो आपका बेटा पास हो जाएगा।
दे चप्पल, दे चप्पल, दे चप्पल!





प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारत ने मालदीव को 3-0 से हराया

## संन्यास से वापसी पर चमके कप्तान सुनील छेत्री

**नई दिल्ली।** भारत ने मालदीव को 3-0 से हरा दिया। शिलांग में खेले गए इस मुकाबले में संन्यास से वापसी कर पहली बार मुकाबला खेलने उतरे कप्तान सुनील छेत्री ने शानदार प्रदर्शन किया और टीम को जीत दिलाई। राहुल भेके ने 35वें मिनट में शानदार हेडर के जरिए पहला गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। 66वें मिनट में लिस्टन कोलाको ने एक और शानदार हेडर लगाया, जिससे भारत 2-0 से आगे हो गया। फिर 76वें मिनट में भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने बहुप्रतीक्षित गोल किया, वह भी हेडर ही था। इस तरह भारतीय टीम ने यह मुकाबला अपने नाम कर लिया।



### 16 महीनों में भारत की पहली जीत

यह 16 महीनों में भारत की पहली जीत है और मानोलो मार्केज के मार्गदर्शन में भी पहली जीत है जिन्हें पिछले साल जुलाई में मुख्य कोच बनाया गया था। भारत को इससे पहले आखिरी जीत 16 नवंबर 2023 को कुवैत सिटी में 2026 फीफा विश्व कप क्वालिफाइंग दौर के मैच में कुवैत (1-0) के खिलाफ मिली थी।

### छेत्री ने किया करियर का 95वां अंतरराष्ट्रीय गोल

पिछले साल मई में संन्यास लेने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले 40 वर्षीय छेत्री ने इस दिन को यादगार बना दिया। उन्होंने 77वें मिनट में हेडर से भारत के लिए तीसरा गोल करके अपना 95वां अंतरराष्ट्रीय गोल दाग दिया। कप्तान छेत्री 47वें मिनट में भी गोल करने के करीब पहुंचे थे लेकिन मालदीव के गोलकीपर ने उनका प्रयास विफल कर दिया था। 82वें मिनट में मैदान में उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी को उतारा गया।

### एशियाई कप के क्वालिफायर मैचों पर भारत की नजर

बुधवार से पहले मार्केज के मार्गदर्शन में भारत एक बार हारा और तीन मैच ड्रॉ खेले। यह मैच एएफसी एशियाई कप क्वालिफायर के लिए एक ड्रेस रिहर्सल था जो 25 मार्च को इसी स्थान पर बांग्लादेश के खिलाफ खेला जाएगा। छेत्री ने इस महीने की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी करने का फैसला किया ताकि टीम एएफसी एशियाई कप के क्वालिफायर में सफलतापूर्वक आगे बढ़ सके जिसकी शुरूआत 25 मार्च के मुकाबले से होगी। मालदीव विश्व रैंकिंग में 162वें स्थान पर काबिज है जो भारत (126) से 36 स्थान नीचे है। वहीं शिलांग में यह पहला अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच भी है।

# पहले ही दौर में हारकर बाहर हुईं पीवी सिंधू

## प्रणय को हराकर श्रीकांत प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे



### दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को दुनिया की 31वें नंबर की खिलाड़ी जूली जैकबसेन से 61 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हरा दिया।

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू बुधवार को स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। सिंधू का इस साल खराब प्रदर्शन जारी है। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को दुनिया की 31वें नंबर की खिलाड़ी जूली जैकबसेन से 61 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हरा दिया। सिंधू इस साल लगातार तीसरी बार पहले दौर से बाहर हुई हैं। उन्होंने इंडियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर साल की शुरूआत की थी, लेकिन इंडोनेशिया मास्टर्स, ऑल इंग्लैंड ओपन और अब स्विस ओपन में राउंड एक से आगे नहीं बढ़ सकी। इस टूर्नामेंट को उन्होंने 2022 में जीता था।

पुरुष एकल स्पर्धा की बात करें तो किदांबी श्रीकांत ने शुरूआती दौर के मुकाबले में हमवतन एचएस प्रणय को एक कठिन मैच में 23-21, 23-21 से हराया और प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पुरुष एकल विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर खिसक चुके श्रीकांत अब अंतिम-16 के मैच में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी चीन के ली शिफेंग से भिड़ेंगे।

वहीं, दुनिया के 64वें नंबर के खिलाड़ी क्वालिफायर शंकर सुब्रमण्यन ने पुरुष एकल में मैग्नस जोहानिसन को 21-5, 21-16 के प्रभावी स्कोर से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका सामना डेनमार्क के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय और इशारानी बरुआ अपने-अपने मैच जीतकर आगे बढ़ने में कामयाब रहीं। अनुपमा ने उभरती हुई भारतीय स्टार नमोल खरब को 21-14, 21-13 से हराया, जबकि इशारानी बरुआ ने आकर्षी कश्यप को 21-18, 17-21, 20-22 से शिकस्त दी। मालविका बंसोड़, किरण जॉर्ज और आयुष शेट्टी समेत बाकी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ सके।

# जहीर खान बोले- ऋषभ पंत अच्छे कप्तान, हम आक्रामक क्रिकेट खेलने आए हैं

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपरजायंट्स के मेंटर जहीर खान बोले कि महेंद्र सिंह धोनी जब तक खेलेंगे, तब तक आईपीएल में उनका जलवा बना रहेगा। उनकी लोकप्रियता लखनऊ ही नहीं, पूरे देश के मैदानों में हैं। उसे कम नहीं किया जा सकता। हमारी टीम के कप्तान ऋषभ पंत समेत आईपीएल खेल रहे सभी बड़े भी माही को अपना आदर्श मानते हैं। लखनऊ में होने वाले मुकाबले में हम चेन्नई सुपरकिंग्स को टीम को कड़ी टक्कर देंगे। बाकी अगर उस दिन (14 अप्रैल) को इकाना स्टेडियम धोनी की शर्ट से रंग भी जाए तो हमें कोई हैरत नहीं होगी।



### ऋषभ पंत के नेतृत्व में चढ़कर खेलेगी एलएसजी की टीम

जहीर खान ने ऋषभ पंत अच्छे कप्तान हैं। वह टीम को आगे ले जाएंगे। हमें उनसे बहुत उम्मीद है। एक अच्छा लीडर टीम को आगे ले जाने का काम करता है। ऋषभ पंत पर मैदान में चुटीले अंदाज के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं, समझता हूं। उनका अंदाज इसी तरह से क्रिकेट खेलने का है। इसी तरह का क्रिकेट एलएसजी आईपीएल में खेलेगी, लेकिन टीम के सभी खिलाड़ी आक्रमक खेल को तरहीज देंगे। इससे बेहतर परिणाम सामने आएंगे। मुकाबलों के दौरान आईपीएल के लिए टीम कॉम्बिनेशन पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा अभी उस पर नहीं जाऊंगा, लेकिन इसका अंदाजा पहले मैच तक लग जाएगा। अभी आप लोग इस पर अंदाजा लगाइए। बतौर टीम आप जीतते हैं बतौर टीम आप हारते भी हैं। हर खिलाड़ी को एक रोल दिया गया है, जो मैच में अपने प्रदर्शन से उपस्थिति दर्ज कराएंगे। आईपीएल में कई मैच खेलने हैं। इसलिए अंतिम एकादश में कई बार बदलाव भी होंगे।

### गेंदबाजों को फिटनेस का ख्याल रखना होगा

खिलाड़ियों के तेज गेंदबाजी करने की कोशिश में चोटिल होने पर कहा कि अपनी स्ट्रेंथ के हिसाब से काम करना होगा। इससे बेहतर परिणाम सामने आएंगे। तेज गेंदबाजों को इंजरी से परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह तो खेल का एक हिस्सा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आईपीएल के लिए अच्छी टीम हमें चाहिए, अच्छी क्रिकेट खेलनी है। हमारे पास पॉजिटिव आउटलुक वाली क्रिकेट टीम है। गेंदबाज भी इस टीम का अहम हिस्सा हैं।

### सीएम योगी खेलों के बढ़ावे के लिए कर रहे काम



यूपी में खेलों के विकास के लिए काफी काम हो रहा है। यह प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद टीम के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने हमारी बातों को ध्यान से सुना। यह अच्छी बात है। खेलों के प्रति उनका विजन शानदार है। हमने उन्हें लखनऊ में होने वाले आईपीएल मुकाबले देखने के लिए आमंत्रित किया है।

### कबाब और बिरयानी खिलाड़ियों की पहली पसंद

जहीर खान से लखनऊ में उनके पसंदीदा खान-पान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नई चीज यहां पर बहुत आ रही है। कभी कबाब आ रहा है, कभी बिरयानी आ रही है। खिलाड़ियों का ध्यान रखना पड़ता है। हालांकि यह सब उन्हें पसंद भी खूब आ रहा है। पिछले कुछ समय में प्रशंसकों के बीच लखनऊ सुपरजायंट्स को सपोर्ट बढ़ा है, जो आने वाले मुकाबलों में टीम का उत्साह बढ़ाएगा।

# 'अनुराग ठाकुर का नामांकन स्वीकार करें', हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का बीएफआई को निर्देश



**नई दिल्ली।** पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया जब हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने निर्वाचन मंडल से उनकी अयोग्यता पर रोक लगा दी और बीएफआई को उनकी उम्मीदवारी के लिए नामांकन की तिथि बढ़ाने का निर्देश दिया। हमीरपुर से लोकसभा सांसद ठाकुर को बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह के आदेश से सात मार्च को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया था। आदेश में कहा गया था कि सिर्फ चुने हुए सदस्य ही चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। ठाकुर हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ का प्रतिनिधित्व करना चाहते थे और उन्हें चुनकर आया सदस्य नहीं होने के कारण अयोग्य करार दिया गया। जस्टिस अजय मोहन गोयल ने हालांकि बृहस्पतिवार को फैसला सुनाया कि 13 मार्च को निर्वाचन अधिकारी आर के गॉबा द्वारा अनुमोदित निर्वाचन मंडल ह्यप्रथम दृष्टया खराब है और कानून की नजर में टिकने योग्य नहीं है ह्व इसमें ठाकुर को शामिल नहीं किया गया था।

# पुरुषत्व के आरोपों में घिरीं बॉक्सर खेलीफ को ट्रंप का डर नहीं, महिला वर्ग में खेलना जारी रखेंगी



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में वेल्टरवेट वर्ग का स्वर्ण पदक जीतने वाली और पुरुषत्व के लक्षणों के आरोपों में घिरीं अल्जीरियाई मुक्केबाज इमाने खेलीफ महिला वर्ग में मुक्केबाजी जारी रखेंगी। उनकी यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब अगला ओलंपिक 2028 में लॉस एंजिलिस में होना है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रांसजेंडर एथलीटों के महिला वर्ग में खेलने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी है।

खेलीफ का कहना है कि वह ट्रंप से भयभीत नहीं हैं और उनका अगला लक्ष्य लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अपने स्वर्ण पदक की रक्षा करना है। खेलीफ वह मुक्केबाज हैं, जो पेरिस ओलंपिक में महिला वर्ग में खेली थीं और दो महिला मुक्केबाजों ने उनके मुक्के की ताकत से बाउट को बीच में छोड़ दिया था। इसके बाद उनके महिला वर्ग में खेलने पर काफी बवाल मचा।

### आईओसी ने दे रखा है महिला बॉक्सर का दर्जा...

आईओसी अध्यक्ष थामस बाख ने हाल ही में कहा था कि खेलीफ और यू टिंग का जन्म एक महिला के तौर पर हुआ है। उनकी परवरिश एक महिला के तौर पर हुई है और उन्होंने महिला वर्ग में हमेशा भागीदारी की है और किसी ने भी आज तक यह साबित नहीं किया है वे ट्रांसजेंडर हैं। हालांकि 2023 की दिल्ली में हुई विश्व चैंपियनशिप में दोनों ही मुक्केबाजों को योग्यता टेस्ट में फेल होने के बाद डिसक्वालिफाई कर दिया गया था।

वर्ल्ड बॉक्सिंग ने खेलीफ के खिलाफ अब तक कुछ नहीं कहा, क्यों कि अल्जीरियाई पासपोर्ट के मुताबिक वह एक महिला हैं। खेलीफ के इस बयान के बाद एक बार फिर विवादों को हवा मिल गई है। खेलीफ के खिलाफ दुनिया भर में महिला वर्ग में पूर्ण रूप से महिलाओं को खिलाए जाने की वकालत करने वाले संगठनों ने अभियान छेड़ रखा है, लेकिन उनका देश उनके साथ दीवार की तरह खड़ा है। खेलीफ ने कहा, ट्रंप ने अमेरिका में ट्रांसजेंडरों के खिलाफ आदेश पारित किया है और वह एक बात साफ कर देना चाहती हैं कि वह ट्रांसजेंडर नहीं हैं। खेलीफ ने कहा, वह न तो इससे चिंतित हैं और न ही भयभीत हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ट्रांसजेंडर एथलीटों के खिलाफ अपनी लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति तक ले जाने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने हाल ही में महिला खेलों में ट्रांसजेंडर एथलीटों पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन चाहता है कि लॉस एंजिलिस में 2028 के ग्रीष्मकालीन खेलों से पहले आईओसी ओलंपिक और इस बिल्कुल हास्यास्पद विषय से जुड़ी हर चीज को बदल दे।

यह आदेश राज्य के सचिव के कार्यालय को आईओसी पर ओलंपिक खेल आयोजनों को नियंत्रित करने वाले मानकों में संशोधन करने के लिए दबाव डालने का अधिकार देता है। इसके मुताबिक, महिला एथलीटों की निष्पक्षता, सुरक्षा और सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देना सर्वोपरि है। साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं के खेल आयोजनों में भागीदारी के लिए पात्रता लिंग के मुताबिक निर्धारित की जाती है, न कि लिंग पहचान या टेस्टोस्टेरोन में कमी के अनुसार।

# वुशू फेडरेशन कप चैंपियनशिप में प्रदेश के 22 खिलाड़ी दिखाएंगे दम



**नई दिल्ली।** वुशू महिला-पुरुष वर्ग फेडरेशन कप 24 से 28 मार्च तक छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में खेला जाएगा। फेडरेशन कप में हिमाचल की दोनों टीमें भाग लेंगी। पुरुष वर्ग में 10 और महिला वर्ग में 12 खिलाड़ी सांसू और तालू स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अखिल भारतीय वुशू खेल संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि पुरुष वर्ग की टीम में सांसू स्पर्धा में सोनू 60 किलोग्राम, पीयूष 65 किलोग्राम, उत्तम चंद 70 किलोग्राम, सुनील कुमार 75 किलोग्राम और हर्षित संसपाल 90 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। तालू प्रतियोगिता में ललित चौहान गुनशू, हेमराज ननक्वॉन, अंशुमन ननक्वॉन, शेर सिंह ताईजीक्वॉन व्यावहारिक और अजय कुमार विंगचुंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। महिला वर्ग की सांसू स्पर्धा में गुलशन 75 किलोग्राम भार में भाग लेंगी। तालू स्पर्धा में रिया वर्मा, शीला बगुआझां, शिवानी गुनशू, ज्योति ननदऊ, दीक्षा ननक्वॉन, पायल ननक्वॉन, आर्य ताईजीजियॉन, रजनी देवी ताईजिक्वॉन व्यावहारिक, मनोरमा जियांशू में भाग लेंगी।

# संजू सैमसन नहीं रियान पराग संभालेंगे टीम की कमान



**मुंबई।** आईपीएल 2025 का आगाज 22 मार्च से होना है। इससे पहले टीम में एक बड़ा बदलाव सामने आया है। राजस्थान रॉयल्स ने घोषणा की है कि आईपीएल 2025 के पहले तीन मैचों के लिए रियान पराग टीम की कमान संभालेंगे। रियान पराग को घरेलू क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव है। अब क्ढछ में उनके लीडरशिप के कौशल को परखने की बारी है। युवा ऑलराउंडर 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरूआती मुकाबले में कमान संभालेंगे। इसके बाद 26 मार्च को गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और 30 मार्च को पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ घरेलू मुकाबले खेलेंगे। राजस्थान रॉयल्स 23 मार्च को अपना पहला मैच रफ्ळ के खिलाफ खेलेगी। मैच शाम 3:30 बजे से शुरू होगा। संजू सैमसन, जो रॉयल्स के अहम सदस्य हैं, विकेटकीपिंग और फील्डिंग के लिए मंजूरी मिलने तक बल्ले से अहम योगदान देंगे। पूरी तरह से फिट होने के बाद वे कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे। राजस्थान रॉयल्स की ओर से रियान को कप्तानी सौंपने का फैसला उनके नेतृत्व में फ्रेंचाइजी के भरोसे को दर्शाता है। एक ऐसा कौशल जो उन्होंने असम के घरेलू कप्तान के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान दिखाया है।

# इकाना स्टेडियम में इन तारीखों पर होंगे सात मैच, ऑनलाइन के साथ मेट्रो स्टेशनों पर भी मिलेंगे टिकट



**नई दिल्ली।** आईपीएल के लिए इकाना स्टेडियम तैयार हो रहा है। बुधवार को जिलाधिकारी विशाख जी ने स्टेडियम, बीसीसीआई, यूपीसीए व अन्य संबंधित एजेंसियों और विभागों के अफसरों के साथ स्टेडियम में बैठक की। बैठक में शामिल पुलिस अफसरों से सुरक्षा व्यवस्था की योजना तैयार की गई। मैचों के दौरान स्टेडियम और उसके आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

इस बार आईपीएल के सात मैच इकाना में होंगे। ये मैच एक, चार, 12, 14 और 22 अप्रैल के साथ ही 9 व 18 मई को होने हैं। मैचों के दौरान खिलाड़ियों, दर्शकों आदि को किसी तरह की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़ा इसके लिए डीएम ने सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने बुक माई शो के प्रतिनिधियों से कहा कि मैच से पहले शामिल होने वाले दर्शकों की स्पष्ट संख्या जरूर उपलब्ध कराएं। जिससे क्राउड मैनेजमेंट उस आधार पर किया जा सके।

# ब्रह्मलीन महंत प्रकाशानन्द भारती सुप्रीम कोर्ट बाबा के षोडशी भंडारे में संतों व भक्तों की भीड़ उमड़ी

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में श्रीमहंत मोहन भारती को तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर तराना का महंत बनाया गया

**उज्जैन, करंट क्राइम।** श्री तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर तराना के ब्रहमलीन महंत प्रकाशानन्द भारती सुप्रीम कोर्ट बाबा का षोडशी भंडारा गुरूवार को हुआ जिसमें हजारों संतों व भक्तों ने भाग लिया। श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के सभापति श्रीमहंत मोहन भारती महाराज की महंताई चादर विधि समारोह भी हुआ जिसमें श्रीमहंत मोहन भारती को विधिवत रूप से मंदिर का महंत बनाया गया। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज की अध्यक्षता में हुए समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और राम पथ की भांति कृष्ण पथ बनाने की घोषणा भी की। कृष्ण पथ, गीता भवन, तीर्थ स्थलों के विकास हेतु उन्होंने प्रदेश सरकार का खजाना खोल दिया।

**श्रीमहंत हरि गिरि महाराज की अध्यक्षता में भंडारा व महंताई चादर विधि समारोह हुआ : श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज :** श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रातः 11 बजे सबसे पहले तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर में भगवान का पूजन व अभिषेक कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व कल्याण के लिए प्रार्थना की। 7 दिवसीय श्री महा सहस्त्र रूद्र चंडी महायज्ञ में पूणार्हुति अर्पित कर प्रदेश में शांति व समृद्धि कर कामना की। ब्रहमलीन महंत प्रकाशानन्द भारती सुप्रीम कोर्ट बाबा की समाधि की पूजा के बाद उन्होंने गौरी कुंड की पूजा-अर्चना की। प्रकाश भारती सिंह द्वारका भूमि पूजन किया, महंताई चादर विधि समारोह में श्रीमहंत मोहन भारती महाराज को विधिवत रूप से मंदिर का महंत बनाया गया। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज की अध्यक्षता, श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के वरिष्ठ सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज व श्रीमहंत उमाशंकर भारती महाराज, महामंत्री श्रीमहंत महेश पुरी महाराज, श्रीमहंत ओम भारती,व श्रीमहंत निरंजन भारती के देख-रेख मैं भंडारी की व्यवस्था हुई। श्रीमहंत सभापति मोहन भारती महाराज ने भंडारे की संपूर्ण



व्यवस्था की। इसके बाद संतों व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने समारोह को सम्बोधित किया।

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहा है आध्यात्मिक विकास : डॉ. मोहन यादव :** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में भौतिक संरचनाओं के विकास के साथ आध्यात्मिक विकास भी हो रहा है। उन्होंने ब्रहमलीन महंत प्रकाशानन्द भारती सुप्रीम कोर्ट बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की व श्रीमहंत मोहन भारती को मंदिर का महंत बनने की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के तीर्थ स्थलों के विकास के साथ राम पथ कीइ भांति ही कृष्ण पथ बनाने की घोषणा की और कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मध्य प्रदेश में जहां-जहां लीलाएं की, उन स्थानों को तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा और इसके लिए राम पथ की भांति ही कृष्ण पथ बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौशालाओं के लिए विशेष प्रावधान किया जा रहा है। सभी गौशालाओं में एक गोवंश के लिए प्रतिदिन 40 रूपयें की अनुदान राशि दी जा रही है अब जो गोपालक जो 10 से अधिक गाय पालेगा, उनको प्रति 5 किलो दूध पर अनुदान भी दिया जाएगा। उन्होंने संतों की मांग पर श्री तिलभांडेश्व मंदिर क्षेत्र का विकास करने व इसको धार्मिक लोक के रूप में विकसित करने की घोषणा भी की। उन्होंने उज्जैन में सिहस्थ 2028 के लिए सभी साधु संतों को आमंत्रित किया। अखाड़े के मुख्य संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि महाराज एवं अन्य संतों ने मुख्यमंत्री को चांदी की गौ माता का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

**गणमान्य लोग उपस्थित रहे :** करंट क्राइम। संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ राहुल कटारिया ने किया। सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, पार्षद महेश जोशी भी मौजूद रहे। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, श्रीमहंत उमाशंकर भारती महाराज, महामंत्री श्रीमहंत महेश पुरी महाराज, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज, सचिव महंत गिरिशानंद गिरि महाराज व थानापति आंनेदाश्वरानंद गिरि महाराज, श्रीमहंत शांताराम सरस्वती महाराज, सचिव श्रीमहंत ओम भारती महाराज, श्रीमंहत थानपाति रूद्रानंद सरस्वती महाराज, निर्वाण मंत्री श्रीमहंत साध्वी शैलजानंद गिरि महाराज, सचिव थानापति परमानंद गिरि महाराज, श्रीमहंत सहदेवानंद गिरि महाराज सचिव श्रीमहंत केदार पुरी महाराज, श्रीमहंत हीरापुरी महाराज, श्रीमहंत बाबू गिरि पुनासा मठ जालौर महाराज, श्रीमहंत प्रेम भारती जी अध्यक्ष 4.मडी गाजीपुर मठ जालौर राजस्थान महाराज, पारस राम जी महाराज जेतेश्वर मठ राजस्थान, महंत शिव गिरि महाराज, महंत शनिचर भारती महाराज, सचिव श्रीमहंत रामेश्वर गिरि महाराज, थानापति आदित्य गिरि महाराज, श्रीमहंत आनंद पुरी महाराज,अखाडे परिषद के प्रवक्ता गोविंद सौलंकी, भारत एक्सप्रेस के संपादक सुशील कुमार तिवारी आदि भी मौजूद रहे राहुल कटियार पत्रकार उज्जैन।

## न्यूज डायरी

## सड़क दुर्घटना में मृतक किसान के दो लाख हड़पने का पुलिस पर आरोप

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** देर रात सरधना से गांव डिडौली लौट रहे बाइक सवार एक वृद्ध किसान की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। पुलिस ने बाइक फिसलने से मौत का कारण बताया, जबकि परिजनों का कहना है कि उनकी मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है और उनकी जेब से पुलिस ने दो लाख रुपए निकाल लिये। मृतक के परिजनों की दी तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव डिडौली निवासी जोनी की ओर से दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके चाचा किसान पवन कुमार बीती रात्रि अपनी छोटी पुत्री के ससुराल सरधना से जब बाइक से लौट रहे थे, तभी गंगनहर मार्ग पर पीर के पास पुलिस बूथ के समीप सड़क दुर्घटना में उनकी मौत की सूचना पुलिस ने उन्हें दी। आरोप लगाया है कि सड़क दुर्घटना की सही जानकारी पुलिस को थी और उनके पास रखे हुए दो लाख रुपए भी गायब मिले। पुलिस ने बाइक फिसलने से मौत का कारण बताया, जबकि बाइक की आगे की हैडलाइट टूटी मिली है और बाइक भी क्षतिग्रस्त पाई गयी है। उन्होंने घटना स्थल के सीसीटीवी की फुटेज को लेकर पुलिस के आलाधिकारियों से जांच की मांग उठाई है। पुलिस की ओर से मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## जिला पंचायत सदस्य ने शराब ठेका नीलामी को निरस्त करने की मांग उठाई




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** जिला पंचायत सदस्य ने हाल ही में की गई शराब ठेका नीलामी को निरस्त करने की मांग उठाई है। वार्ड नंबर तीन के जिला पंचायत सदस्य व बसपा नेता अनिल गौतम ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में मोदीनगर तहसील अन्तर्गत गांव यूसूफपुर नगलाबेर में अंग्रेजी शराब के ठेका की नीलामी को निरस्त करने की मांग की है। उन्होने कहा कि गांववासी यहां प्रस्तावित ठेके को लेकर विरोध जता रहे हैं। शराब ठेका यहां खुलने पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगेगा और प्रतिदिन झगड़े की आशंका रहेगी। उन्होंने ठेका निरस्त ना किये जाने पर गांव के लोगों को साथ लेकर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

## छेड़छाड़ का मुकदमा वापस लेने का दबाव



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक महिला ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया है कि छेड़छाड़ के एक मामले में जेल से जमानत पर छूटा आरोपी उसे परेशान कर रहा है। घटना 15 सितंबर 2024 की है। आरोपी ने महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब वह जमानत पर बाहर है। महिला ने बताया कि आरोपी लगातार मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। वह समझौता करने की जिद कर रहा है। मना करने पर वह दुष्कर्म की धमकी दे रहा है। डर की वजह से महिला घर से बाहर नहीं निकल पा रही है। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




## जारी है वर्किंग वाले टू-स्टारों की सर्चिंग

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में कई छोटी तबादला एक्सप्रेस चलने की प्रबल संभावना बनी हुई है। सूत्रों ने बताया है कि आने वाले समय में कई और भी फेरबदल होने की बात भी सामने आ रही है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बीते दिनों के समय पर विवेचना पूरी न होने के मामले मे जिस तरह से सिटी से लेकर नदियापार और देहात वाले जोन तक 15 पुलिसकर्मियों पर लाइन वाली कार्रवाई हुई है, उसके बाद से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों डीसीपी और एसीपी के कार्यालय में बेस्ट वर्किंग वाले टू और थ्री-स्टार की सर्चिंग का काम शुरू हो गया है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि शहर की खास चौकी से लेकर देहात के कई इलाकों के लिए 19 वाले बैच के फेस ढूंढे जा रहे हैं। तो रेस में कई पुराने दरोगा भी ऐसे हैं जो चार्ज पर भेजे जा सकते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि नदिया पार को लेकर भी सर्चिंग वाला काम चल रहा है। तो सिटी में भी कई बेस्ट फेस तलाशे जा रहे हैं। इसी के साथ 15 पुलिसकर्मियों वाली कार्रवाई के बाद देहात के उस थाने पर भी असर पढ़ने वाला है, जहां के कोतवाल अपने को सुपर साबित करने का प्रयास कर रहे थे। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से 15 पुलिसकर्मियों पर एक ही दिन में कार्रवाई हुई है। इसमें डीसीपी स्तर के अधिकारी भी अपने चहते पुलिसकर्मियों का बचाव नहीं कर पाए हैं। बताया जा रहा है कि बॉस का साफ निर्देश था कि लापरवाही करने वाले सभी पुलिसकर्मियों पर एक ही तरीके से कार्रवाई हो। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के वह टू-स्टार भी अलर्ट वाले मोड पर आ गए हैं, जो लंबे समय से या तो एक ही चौकी पर जमा हैं या वह साइड लाइन चल रहे थे। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि अगले दो से तीन दिन के भीतर जो लिस्ट आएगी, उसमें कई टू-स्टार पर अच्छी कृपा होने की संभावना बनी हुई है। तो वहीं कई थाने में तैनात वाले भी पोस्ट किया जा सकते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में गुरुवार को जो सीन हुआ है, उसके भी देहात जोन को लेकर कुछ परिणाम आने के संकेत मिल रहे हैं। फिलहाल अधिकारी मामला मैनेज करने में लगे हैं। देखना होगा कि इसमें खाकी मजबूत रहती है या खादी का जोर रहेगा।



## प्रभारी मंत्री ने जल जीवन मिशन का उद्घाटन

## हापुड़ में सरकारी योजनाओं की दी जानकारी पीएम आवास के मकानों का किया निरीक्षण




**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने हापुड़ का दौरा किया। वे परिवार व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता विभाग के प्रभारी मंत्री हैं। मंत्री ने विकासखंड हापुड़ के ग्राम अहमदपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत बनी पानी की टंकी का उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार की योजना के अनुसार हर घर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। ग्राम चौपाल में उन्होंने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्कूली बच्चों को कौशल विकास और उद्यमिता की योजनाओं से अवगत कराया। मंत्री ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की कई लाभार्थी योजनाएं चल रही हैं।

उन्होंने गांवों में मिल रही सुविधाओं का जिक्र किया। इनमें पक्की सड़कें, 18-22 घंटे बिजली आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल और सुलभ शौचालय शामिल हैं। मंत्री ने ग्राम हिंडालपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों का भी निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पति ने लाइसेंसी हथियार के दम पर पत्नी व उसके माता-पिता को बेरहमी से पीटा



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** दम्पत्ति के बीच गहराये विवाद के बाद पति ने लाइसेंसी हथियार के दम पर पत्नी व उसके माता-पिता को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। आरोपी की वीडियो व रिकॉर्डिंग के आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

राधा कृष्ण बिहार निवासी महिला मोनिका का 18 मार्च 2006 में गांव किल्हौडा निवासी मनोज कुमार से विवाह हुआ था। शादी के कुछ समय बाद दम्पत्ति के बीच विवाद गहरा गया, जिसके चलते मोनिका मायके आकर रहने लगी।

आरोप है कि बीते दिन मंगलवार को उसका पति मनोज कुमार जबरन घर में घुस आया और लाइसेंसी रिवाल्वर दिखाते हुए उसने पत्नी मोनिका व उसके माता-पिता का गला दबाकर मारने की कोशिश की और विरोध जताने पर तीनों को पीटकर घायल कर दिया। इतना ही नहीं उसने बच्चों को भी जान से मारने की धमकी तक दे डाली। उसकी इस करतूत की ऑडियो व वीडियो रिकार्डिंग भी पुलिस को दी गयी।

एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि इस प्रकरण में आरोपी पति मनोज के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## सौंदा गंगनहर में मिला अज्ञात युवक का शव

## शरीर पर चोट के निशान, हत्या की आशंका

### पुलिस ने तीन टीमें लगाई शिनाख्त के लिए



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में गंगनहर के सौंदा पुल के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें नहर में शव बहता हुआ दिखाई दे रहा था। निवाड़ी पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। एक घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला गया।

मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष आंकी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। इससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। एसीपी ने बताया कि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

पहचान के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, स्कूटी सवार की मौके पर मौत, चालक फरार, पुलिस ने ट्रक किया जब्त




**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के थाना सेक्टर-63 में सड़क हादसा हो गया। यहां ट्रक चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। मौके पर पर ही स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा बहलोलपुर अंडरपास के नजदीक हुआ। मौके से चालक फरार है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। जल्द ही आरोपी चालक की गिरफ्तारी की जाएगी। पीड़ित परिजनों की ओर से शिकायत दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

अतुल गुप्ता दिल्ली के रेस्टोरेंट में मैनेजर थे। गुरुवार को वो बेहलोलपुर अंडरपास के पास से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी अतुल स्कूटी के साथ सड़क पर रगड़ते हुए दूर जाकर गिरे। सिर में चोट लगने की वजह से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। लोगों ने ट्रक को रोक लिया। चालक लोगों की पकड़ में आता इससे पहले वो फरार हो गया। पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। साथ ही ट्रक को जब्त किया।

परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## किसानों ने की टोल फ्री करने की मांग

## बोले-10 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को टैक्स से मुक्त किया जाए



**मोदीनगर।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर स्थानीय लोगों से वसूले जा रहे टोल टैक्स के खिलाफ आंदोलन की तैयारी की है। भाकियू के राष्ट्रीय संरक्षक सतेंद्र त्यागी ने कहा कि दोनों एक्सप्रेसवे के 10 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले ग्रामीणों को टोल टैक्स से मुक्त किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस मुद्दे पर जल्द ही महापंचायत बुलाई जाएगी। इसमें आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया जाएगा।

मोदीनगर में आयोजित बैठक में संगठन का विस्तार भी किया गया। अनिल त्यागी को जिला महासचिव और ललित त्यागी को युवा जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। दीपक गोयल को मुरादनगर शहर अध्यक्ष और जागेश्वर त्यागी को मुरादनगर ब्लॉक प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। राहुल त्यागी गाजियाबाद शहर उपाध्यक्ष और अमरीश त्यागी को महानगर सचिव नियुक्त किया गया। बैठक में सोनू त्यागी को मुरादनगर का सचिव, गौरव पंवार को ब्लॉक सचिव और वीरेंद्र त्यागी को शोभापुर का ग्राम अध्यक्ष बनाया गया।

अमित त्यागी को गांव कन्नौजा का युवा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में युवा विंग के राष्ट्रीय नेता विनीत त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष देवव्रत धामा समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## हल्दी के फंक्शन में दूल्हे के पिता को पड़ोसी युवक ने गोली मारी






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में स्थित आवास विकास कॉलोनी के आसरा अपार्टमेंट में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। शादी में न्योता न मिलने से नाराज पड़ोसी युवक ने दूल्हे के पिता को गोली मार दी। घटना 22 तारीख को होने वाली शादी की हल्दी रस्म के दौरान हुई। पीड़ित सोनू (40) के बेटे दीपांशु की शादी है। दीपांशु ने बताया- आरोपी वंश शराब के नशे में हल्दी फंक्शन में पहुंचा था।

वो सोसाइटी में ही रहता है। फंक्शन में वो अपने साथ 12-13 लोगों को साथ लेकर आया था। फंक्शन शुरू होने ही वाला था कि वंश गालियां देने लगा। इस पर मेरे पिता ने उसे मना किया और बाहर जाने के लिए कहा। तो उसके साथ आए बाकी लोग हम लोगों पर हावी होने लगे। तभी वंश ने मेरे पिता पर बंदूक से गोली चला दी। हमारा कोई विवाद नहीं था उससे वो शादी में न्योता न मिलने से नाराज था। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम के अनुसार, दूल्हे दीपांशु ने बताया कि वंश घर के बाहर खड़ा होकर गाली-गलौज कर रहा था।

जब सोनू ने उसे ऐसा करने से मना किया, तो वंश ने अपने एक साथी के साथ मिलकर उन पर गोली चला दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल सोनू को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी वंश की तलाश जारी है।

## जेवर एयरपोर्ट के पास अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई

### 14 गांवों में निगरानी के लिए चार टीमें तैनात, अवैध निर्माण सामग्री होगी जब्त



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास अवैध निर्माण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने इस संबंध में चार विशेष टीमों का गठन किया है।

एयरपोर्ट के तीसरे फेज में 14 गांवों को नोटिफाई किया गया है। इन क्षेत्रों में अवैध निर्माण की शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है। गठित टीमों में प्राधिकरण, प्रशासन और पुलिस के अधिकारी शामिल हैं। टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नोटिफाई क्षेत्र में किसी भी तरह का नया निर्माण प्रतिबंधित है। जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए निर्माण सामग्री जब्त करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। पहले से बने अवैध निमार्णों को चिह्नित किया जा रहा है। इन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। सभी टीमें अलग-अलग स्तर पर कार्य कर रही हैं। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्र में किसी भी तरह के अवैध निर्माण को रोकना है।

## यमुना प्राधिकरण में डेढ़ घंटे की बैठक में सर्किल रेट बढ़ाने का दिया आश्वासन



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण में किसानों और अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा समेत यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम मौजूद रहे। सुबह शुरू हुई बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के 14 किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगें रखीं। अधिकारियों ने सर्किल रेट बढ़ाने का आश्वासन दिया। किसानों की मांगों पर सकारात्मक चर्चा के बाद यह तय हुआ कि विभिन्न मुद्दों पर संबंधित प्राधिकरण के सीईओ के साथ अलग-अलग बैठकें होंगी। 28 तारीख को मुख्य सचिव के साथ होने वाली बैठक में भूमि अधिग्रहण कानून और 10 आवासीय भूखंड के मुद्दे पर चर्चा होगी। किसानों ने बताया कि वार्ता सफल रही है। अधिकारियों ने सभी मुद्दों पर सहमति जताई है। उल्लेखनीय है कि किसानों ने एक दिन पहले यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर महापंचायत की थी। बैठक के सकारात्मक नतीजों के बाद किसानों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है।

# आवास आयुक्त उत्तर प्रदेश से वार्ता के बाद समाधान निकालने के किए जाएंगे प्रयास: जिलाधिकारी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बुधवार को डीएम दीपक मीणा ने बंद पड़ी विकास परियोजनाओं को चालू करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को तेज करते हुए आवास विकास परिषद तथा यूपीसीडा के अधिकारियों और भू अर्जन से प्रभावित किसानों (मंडोला) के साथ महात्मा गांधी सभागार कलैक्ट्रेट में एक बैठक की।

मुआवजे में वृद्धि तथा अन्य मांगों को लेकर आवास विकास परिषद की मंडोला विहार योजना तथा यूपीसीड़ा की ट्रॉनिका सिटी योजना में काफी समय से विकास कार्य बाधित हैं। मंडोला विहार योजना में किसानों को रुपए 1100 प्रति वर्ग मीटर की दर से मुआवजा दिया गया है परंतु कुछ किसानों द्वारा मुआवजे को बढ़ाकर दिए जाने की मांग की जा रही है तथा इस मांग को लेकर परिषद के विकास कार्य बाधित किया जा रहे हैं। मुआवजे के साथ-साथ किसानों द्वारा 10 प्रतिशत विकसित भूमि के आवंटन तथा अन्य मांगे की जा रही है। इस संबंध में विचार विमर्श के लिए जिलाधिकारी, गाजियाबाद की अध्यक्षता में आवास विकास परिषद के अधिकारियों एवं ग्राम मंडोला के किसानों के मध्य वार्ता हुई। उप आवास आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने बताया कि किसानों की मांग पर पूर्व में ही गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की भांति रुपए 1100 प्रति वर्ग मीटर की दर पर लगभग 95 प्रतिशत किसानों को मुआवजे का भुगतान किया जा चुका है और अर्जित भूमि के बदले 6 प्रतिशत विकसित भूमि का आवंटन भी किया जा रहा है। अधिग्रहण के समय मौके पर पाई गई लगभग 30 एकड़ आबादी भूमि अधिग्रहण से मुक्त की जा चुकी है तथा ग्रामवासियों के लिए अन्य सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों के संबंध में शीघ्र ही आवास आयुक्त उत्तर प्रदेश से वार्ता की जाएगी और वार्ता के उपरांत समाधान निकालने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में उप आवास आयुक्त अनिल कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी लोनी राजेन्द्र शुक्ला, अधीक्षण अभियंता अभिषेक पाल व अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# जल्द हाउस टैक्स नहीं जमा किया तो पड़ेगा भारी

## एक अप्रैल से नगर निगम लगाने जा रहा मोटा जुर्माना






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में गृहकर वसूली के लिए नगर निगम ने अभियान तेज कर दिया है। चालू वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक 36 करोड़ 90 लाख की वसूली का लक्ष्य निगम के पांचों जोन के जोनल प्रभारियों को दिया गया है।

इसके बाद एक अप्रैल से गृहकर के बकायेदारों पर 12 प्रतिशत दंड ब्याज लगेगा। नगर आयुक्त ने लोगों से अपील की है कि दंड ब्याज से बचने के लिए सभी बकायेदार समय से गृहकर जमा करें।

### सीलिंग की जा रही कार्रवाई

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम गृहकर वसूली को लेकर लगातार कार्रवाई कर रहा है। बड़े बकायेदारों को चिह्नित तक नियमित रूप से सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है। लोगों को गृहकर जमा करने में दिक्कत न हो। इसीलिए अवकाश के दिनों में भी निगम का टैक्स विभाग कार्य कर रहा है। कई स्थानों पर गृहकर जमा कराने के लिए कैंप भी निगम द्वारा लगवाए जा रहे हैं।

मालूम हो कि 12 दिन के भीतर 21 करोड़ की वसूली वसुंधरा जोन को करनी है, जबकि विजयनगर जोन को 90 लाख, मोहन नगर जोन को चार करोड़, कविनगर जोन को दो करोड़ व सिटी जोन को नौ करोड़ की वसूली का लक्ष्य पूरा करना है।

### कर्मी के साथी ने गृहकर के वसूले 72 हजार, नहीं किए जमा

गृहकर चुकाने के लिए किसी अनजान पर भरोसा कर रकम देना लोगों को भारी पड़ सकता है। मालीवाड़ा निवासी कारोबारी के साथ निगम कर्मी के ही एक साथी ने ऐसा किया। गृहकर जमा कराने के नाम पर कर्मचारी का साथी व्यापारी से 72 हजार रुपये ले गया लेकिन जमा नहीं कराया। गृहकर की रकम देने के बाद जब निगम से नोटिस मिला तो सारा खेल खुल गया।

मालीवाड़ा निवासी कारोबारी सचिन सिंघल ने बताया कि कपिल नाम के निगम कर्मचारी के साथ विकास उनके घर गृहकर का बिल देने आता था। गृहकर की राशि को विकास ने निगम में जमा कराने के लिए कहा तो उन्होंने तीन से चार बार में उसे 72 हजार रुपये दे दिए। ऑनलाइन भुगतान में 25 हजार रुपये का स्क्रीन शाट उनके पास है, जबकि बाकी रकम नकद दी गई। दिसंबर में आखिरी बार विकास को रुपये दिए, जबकि जनवरी में उन्हें निगम से बकाया गृहकर का नोटिस मिला। इसके बाद विकास से संपर्क किया तो वह काफी समय तक टालमटोल करता रहा। आरोपी को रकम देने के बीच उससे सचिन ने रसीद भी मांगी, लेकिन पूरा भुगतान होने के बाद रसीद देने की बात कहता रहा। नगर निगम में जानकारी करने पर ही पता चला कि निगम कर्मी कपिल के साथ बिल बांटने आने वाला विकास निगम का कर्मचारी नहीं है। सचिन का आरोप है कि अब विकास उनकी काल भी नहीं उठा रहा है। अधिकारियों को लिखित में शिकायत देकर सचिन ने धनराशि को समायोजित कराने और कार्रवाई की मांग की है।

> इस प्रकरण में शिकायत मिली है। इसकी जांच जोनल प्रभारी से कराई जा रही है। लोगों से भी आनलाइन या जोनल कार्यालय में आकर गृहकर जमा करने की अपील की जा रही है।
> – डॉ. संजीव सिन्हा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मयंक भैया की टीम में त्यागी बिरादरी का कौन सा चेहरा पहनेगा सेहरा? इस बात को लेकर उठ रहे हैं मार्किट में तरह-तरह के सवाल? बॉबी भैया ने जहां मंच नहीं छोड़ा था, वहीं कुल में दीप जलाने वाले त्यागी जी खूब घूम रहे हैं उनके नाल? चोटी वाले संदीप त्यागी भी दे चुके हैं कई बार बधाई? देखना अब ये है इन तीनों में से कौन सा चेहरा देगा मयंक भैया के साथ दिखाई? वैसे पता चला है कि तीनों महामंत्री बनने के सपने देख रहे हैं भाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा की जय करने वाले मिस्टर कमल क्या इस बार खिला पायेंगे मयंक भैया के दिल में अपनी मोहब्बत का फूल? इतिहास को जब कुरेद रहे हैं तो निकल रहे हैं कुछ शूल? कहने वाले ने कहा कमल भैया हमारे हैं बहुत ज्यादा कूल? मगर उनके भी हैं अपने कुछ मजबूत वाले उसूल? देखना अब ये हैं नए अध्यक्ष की पारी में क्या मिलेगी इनको जिम्मेदारी? आखिर ये भी अपनी सेवाएं दो दशक से कर रहे हैं लगातार जारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं ओपन वाली बात? मयंक भैया की टीम में प्रमोशन पाने को धड़क रहा है धीरज धर कर चलने वाले शर्मा जी का दिल? कुछ ऐसे ही दिख रहे हैं हमें चाबी खोने वाले त्यागी जी के भी जज्बात? सुना है राम की धुन पर नाचने वाले मिस्टर शिशौदिया भी देख रहे हैं मुराद पूरी करने वालों की साईड? सुना है विधायक जी के लिए सभी चेहरे प्रिय हैं? देखना अब ये है किसके नाम पर वो लगाते हैं अपनी पसंद का राईट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के टाईम पर लाईन पार के जिन मिस्टर रावल के नहीं पके थे चावल? सुना है उन मिस्टर रावल ने भी देखने शुरू कर दिये हैं मयंक भैया की टीम में आने के ख्वाब? पता ये भी चला है कि रावल जी को मिल रहा है अंदरखाने वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब का भी आशीर्वाद? अगर वो हकीकत में बना गये संगठन में स्थान? समझ लेना फिर एक वैश्य चेहरे का नहीं बल्कि दो वैश्य चेहरों का मजबूत हो जायेगा पार्टी में गान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं एक बात बिल्कुल सटीक? महामंत्री बनने का देख रहे हैं वो भी ख्वाब, जिन्हें कहा जाता है भगवा चाचा बीप-बीप? सुना है पूरे मान से ये तोते से खुलवाना चाहते हैं अपनी किस्मत का पत्ता? क्योंकि कोई फर्क नहीं पड़ता? दुग्गी पे दुग्गी हो, या सत्ते पे सत्ता?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा युवा भतीजे ने इन दिनों सोची समझी रणनीति के तहत बना ली है भगवा चाचा से दूरी? होर्डिंग पर भी भतीजे ने नहीं लगाये हैं चाचा के फोटो? वैसे इसके पीछे नहीं है कोई बहुत बड़ी मजबूरी? सुना है भतीजे को मिला है चाचा से ही ज्ञान? जब तक हमसे दूरी बनाओगे, तब तक गेम में बना रहेगा तुम्हारा नाम? एक चेहरे से जरूर दूर रहना, जिसे हमेशा चिपकाये रहते हो अपने साथ? ये चेहरा मोहब्बत ऊपरी दिखाता है और अंदर से बिगाड़ देता है काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ककक.....करन लेना चाहते है कार्यालय की शरण? सुना है वो निभाना चाहते हैं प्रभारी वाला किरदार? इसलिए उन्होंने इस दायित्व के लिए अपने मन के प्रकट किये हैं उद्गार? वैसे भी ककक....वाले करन भैया का घर कार्यालय से नहीं है ज्यादा दूर? वैसे भी ये चेहरा सबसे स्माईलिंग वाले फेस के साथ मिलता है? बैठा भी देंगे कार्यालय की कुर्सी पर तो क्या बिगड़ जायेगा हुजुर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? ओबीसी मोर्चा वाले चौधरी ने निभाया था प्रस्तावक बन कर वैश्य नेता का साथ? सुना है उनकी इस प्रस्तावना ने कर दिया है बहुत बड़ा समाधान? रखने वालों को रखना पड़ेगा इनकी मोहब्बत का ध्यान? वैसे तो ये लगा रहे हैं मैन टीम में आने पर जोर? वैसे इनका ओबीसी वाले अध्यक्ष का पद माना जा रहा है अब श्योर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन वाले एक ओबीसी मंत्री ने घोषणा से दो घंटे पहले चला था दिमाग वाला गेम? एक घंटे पहले उन्होंने एक गोयल चेहरे को फोन करके दी थी एडवांस में अध्यक्ष की बधाई? फिर एक घंटे बाद दूसरे गोयल को बधाई देकर उन्होंने बनाया था फ्रेम? कराया था इस बधाई से अपने ऊपर वाले संबंधों का एहसास? क्योंकि इनको थी जानकारी कि दोनों गोयल में से कोई एक गोयल अध्यक्ष बनेगा साहब? सही में सटीक बैठा ओबीसी नेता का दांव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पिछली टीम में निष्क्रिय रूप से मीडिया की जिम्मेदारी संभालने वाले एक चेहरे ने देखने शुरू कर दिये हैं मयंक भैया की टीम में आने के ख्वाब? सुना है इन्होंने तावड़े जी को लेकर पकड़ा है मजबूत लिंक? इस लिंक का तोड़ नहीं है किसी के पास? कहने वाले ने कहा अगर सटीक बैठ गया इनका पासा? तो इनको पद मिल जायेगा अच्छा-खासा?

**नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# शातिर निकला पीएचडी होल्डर बैंक खाते में करोड़ों की ट्रांजेक्शन

## विदेशी कनेक्शन की जांच और खुले बड़े राज



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** देश के 14 राज्यों में 28 लोगों से हुई आठ करोड़ रुपये की ठगी के मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी मुरादाबाद निवासी बाबू खान है। आरोपी एमए, पीएचडी है।

पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी ने तीन प्रतिशत कमीशन पर अपना खाता साइबर अपराधियों को मुहैया कराया हुआ था। पुलिस की जांच में सामने आया कि जिस एप के जरिए ठगी की गई वह बांग्लादेश में तैयार कराया गया था। पुलिस आरोपी के विदेश से कनेक्शन की जांच कर रही है।

### गाजियाबाद में कहां से किया गिरफ्तार

बीते वर्ष जुलाई में अरुण मेहता ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराते हुए बताया था कि उनसे शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर 11 जून को करीब आठ लाख रुपये की ठगी की गई है। इस मामले में जांच करते हुए साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुरादाबाद के दोलरा गांव निवासी बाबू अली को विजय नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

वहीं, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बीते वर्ष उसकी मुलाकात दिल्ली निवासी इकबाल चौधरी से हुई थी। इकबाल ने उसे बिहार के मधुबनी निवासी आफताब आलम से मिलाया। आफताब ने उसे बिहार के आरा निवासी इकबाल से मिलवाया। आरोपियों ने उसे साइबर ठगी में बैंक खाता उपलब्ध कराने पर मोटी कमाई का लालच दिया।

इसके बाद उससे तीन प्रतिशत कमीशन के लालच पर बैंक खाता ले लिया। अरुण मेहता से हुई साइबर ठगी में आरोपी बाबू अली के बैंक खाते में ही धनराशि ट्रांसफर हुई थी। उसका बैंक खाता पूरे गिरोह को ऑपरेट करने वाले विदेश में बैठे बदमाश इस्तेमाल कर रहे थे।

### एप बना बांग्लादेश में, गूगल ने बैन किया

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित अरुण मेहता को शेयर ट्रेडिंग में कमाई का झांसा देकर एप के जरिए ट्रेडिंग कराई गई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके गैंग के सदस्य लोगों को वॉट्सएप ग्रुप में जोड़कर लिंक भेजकर फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप अवीवा एफटीएसई में खाता खुलवाकर निवेश के बहाने विभिन्न बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर कराकर साइबर ठगी करते हैं। अवीवा एफटीएसई एप को गूगल ने प्ले स्टोर से हटा दिया है।

### 14 राज्य के लोगों से हुई ठगी

पुलिस की जांच में सामने आया है कि इस गैंग ने 14 राज्यों के 28 लोगों से करीब आठ करोड़ रुपये की ठगी की गई है। इनमें आंध्र प्रदेश, आसाम, बिहार, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, तेलंगाना और यूपी के लोग ठगी के शिकार हुए हैं।

> गिरोह के विदेशी कनेक्शन की जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश में भी टीमों को लगाया गया है।
> – पीयूष कुमार सिंह, एडीसीपी अपराध

## जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई

# प्राथमिकता के आधार पर करें शिकायतों का निस्तारण : डीएम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जनसुनवाई की गयी। इस दौरान जन सुनवाई हेतु आए प्रार्थियों/ शिकायतकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी को क्रमवार अपनी-अपनी समस्याओं के संबंध में पत्र प्रेषित करते हुए अपनी समस्या से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने सभी की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कहा कि जनसुनवाई में आई शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए विवेक मिश्र उपस्थित रहे।

# 3 घंटे के विशेष अभियान में 552 लोग शराब पीते पकड़े, सभी का किया चालान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने शहर के तीनों जोन में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान में पुलिस ने तीन घंटे के इस अभियान में 552 लोगों को गिरफ्तार किया।

शहर जोन में सबसे ज्यादा 221 लोगों को पकड़ा गया। इनमें कोतवाली नगर से 56, विजयनगर से 52, सिहानी गेट से 25, नंदग्राम से 35, कवि नगर से 29 और मधुबन बापूधाम से 24 लोग शामिल हैं।

ट्रांस हिंडन जोन में 152 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस क्षेत्र में इंदिरापुरम से 21, कौशांबी से 28, खोड़ा से 23, साहिबाबाद से 24, लिंक रोड से 20, शालीमार गार्डन से 16 और टीला मोड़ से 20 लोगों को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार लोगों की शिकायत थी कि कई इलाकों में खुलेआम सड़क पर शराब पी जाती है। इससे आने-जाने वालों को परेशानी होती है। सभी पकड़े गए लोगों को थाने लाया गया। मेडिकल जांच के बाद 34 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। गाजियाबाद पुलिस पिछले दो महीने से यह अभियान चला रही है। इस अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे। डीसीपी रुरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया इसी तरीके से इस 3 घंटे के अभियान में देहात जोन में पुलिस ने 179 लोगों को पकड़ा। जिसमें से थाना लोनी में 24 ट्रोनिका सिटी में 14 अंकुर विहार में 13 लोनी बॉर्डर में 22 मसूरी में 19 मुरादनगर में 21 मोदीनगर में 17 निवाड़ी में 04 भोजपुर में 12 वेव सिटी में 07 क्रॉसिंग रिपब्लिक में 26 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आया लाइनमैन

# कंधे से हाथ कटा, अब टांग काटने पर बात, पत्नी बोली- मारने की साजिश रची गई

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मसूरी क्षेत्र के ग्रामीण बिजलीघर कार्यालय की बंद बिजली ठीक करने लाइन पर चढ़ा लाइनमैन हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। झुलसे लाइनमैन को दिल्ली के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसका सीधा हाथ कंधे से चिकित्सकों ने काट दिया, अब टांग को भी चिकित्सक काटने की बात कह रहे हैं। लाइनमैन की पत्नी ने बिजलीघर के अवर अभियंता व अन्य कर्मियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है।



मुकीमपुर गढी खजूरवाला भोजपुर गाजियाबाद निवासी रीता सोम पत्नी मनोज सोम ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाए हैं कि उनका पति मनोज सोम 34 मसूरी के ग्रामीण 33/11 बिजलीघर पर संविदा लाइनमैन के रुप में काम करते हैं। आरोप है कि 4 मार्च की शाम लगभग सात बजे बिजलीघर के कार्यालय में बिजली नहीं आने पर बिजलीघर के अवर अभियंता रविंद्र कर्दम ने संविदाकर्मी मनोज सोम को बिजलीघर कंपाउंड में लगे ट्रांसफार्मर की तार ठीक करने के लिए आदेश दिया।

रीता सोम ने बताया कि अवर अभियंता ने मनोज से कहा कि शटडाउन हो गया है तू काम कर जिसपर संवीदाकर्मी तार ठीक करने के लिए सीढ़ी लगाकर जोड़े पर चढा तभी अचानक उसे बिजली का जोरदार करंट लगा और वह जोड़े से नीचे गिर गया। वहां मौजूद अन्य कर्मियों ने करंट से झुलसे मनोज सोम को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे यशोदा अस्पताल गाजियाबाद से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मंगलवार को मनोज सोम का आप्रेशन करके कंधे से सीधा हाथ काटना पडा, अभी उसकी सीधी टांग को भी चिकित्सक निकालने के लिए कह रहे हैं। मनोज सोम की स्थिति गंभीर बनी हुई है। आरोप है कि अवर अभियंता रविंद्र कर्दम उसके पति से चिडता था साजिश रचकर उसके पति मनोज सोम को जान से मारने की नियत से यह घटना की गई है। रीता सोम ने बताया कि ये सारी घटना उसके पति ने उसे बताई है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। संत संस्कृति का सम्मान और परंपरा के पालन में श्री महंत नारायण गिरी सबसे आगे रहते हैं। एक परंपरा का सम्मान और सोशल मीडिया पर अपडेट। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।